संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 29 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा में शामिल हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 358 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# पंचतत्व में विलीन हुए डॉ. मनमोहन सिंह

● बेटी ने दी मुखाग्नि, निगम बोध घाट पर राजकीय, पूर्ण सैन्य सम्मान और सिख परंपरा के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**अनंत यात्रा पर**

▶▶ डॉ. मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी पुत्री उपिंदर कौर ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय, पूर्ण सैन्य सम्मान और सिख परंपरा के साथ अंतिम संस्कार किया गया। डॉ. सिंह की सबसे बड़ी पुत्री उपिंदर कौर ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इससे पहले उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई और सिख धर्मगुरुओं और परिवार के सदस्यों ने गुरबाणी का पाठ किया। निगम बोध घाट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, मॉरीशस के विदेशमंत्री धनंजय रामफुल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी मौजूद रहे। कई केंद्रीय मंत्री, राजनयिक और अन्य गण्यमान्य लोग भी अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे। सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।
सिंह के अंतिम संस्कार समारोह में हिस्सा लेने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल,कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कई पूर्व केंद्रीयमंत्री भी निगम बोध घाट पहुंचे। इससे पहले कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड, नई दिल्ली से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली।

## मनमोहन सिंह की सेवाओं को सदैव याद रखा जाएगाः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को निगमबोध घाट पर अंतिम श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि डॉ. सिंह की देश सेवा को सदैव याद रखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने श्मशान घाट पर डॉ. सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि देने की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत के लिए उनकी सेवाओं को सदैव याद रखा जाएगा।

# किसान नेता डल्लेवाल की तबीयत पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की खराब तबीयत पर चिंता जताते हुए पंजाब सरकार पर नाराजगी जताई है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने पंजाब सरकार से कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती न करना अवमानना का मामला है और कोर्ट का अगला कदम क्या होगा, यह राज्य सरकार को पता होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर 31 दिसंबर को फिर सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने कहा कि किसान डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने से रोक रहे हैं। तब कोर्ट ने कहा कि एक बीमार व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने से रोकना अपराध है। जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कहा कि किसी को मेडिकल सहायता के लिए अस्पताल ले जाने से रोकना आत्महत्या के लिए उकसाने के समान है। जस्टिस सूर्यकांत ने पंजाब सरकार से कहा कि डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने से रोकने वालों के साथ कैसे निपटना है आपको बेहतर पता है। अगर पंजाब सरकार को केंद्र से कोई सहायता चाहिए तो हम आदेश देने के लिए तैयार हैं। हम इतना जानते हैं कि कोर्ट के आदेश का पालन हर हाल में होना चाहिए।

# हरियाणा मंत्रिमंडल ने यात्रा भत्ता नियमों में संशोधन को दी मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा सिविल सेवा (यात्रा भत्ता) नियम, 2016 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। संशोधन के अनुसार, यदि प्रशिक्षण संस्थान या हरियाणा सरकार द्वारा आवास और भोजन की व्यवस्था की जाती है, लेकिन प्रशिक्षु द्वारा इसका लाभ नहीं उठाया जाता तो उसे इस नियम के प्रयोजन के लिए ऐसी व्यवस्था का लाभ उठाया हुआ माना जाएगा और कोई होटल शुल्क स्वीकार्य नहीं होगा। हरियाणा सरकार ने राज्य सरकार ने न्यायिक अधिकारियों व अपने कर्मचारियों के लिए मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसे 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया है। यह वृद्धि 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी।

# आप की महिला सम्मान योजना की जांच होगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने महिला सम्मान योजना की जांच के आदेश दिए हैं। एलजी ने इसे लेकर एक पत्र भी जारी किया है। उन्होंने इस संबंध में डिविजनल कमिश्नर को जांच का जिम्मा सौंपा है। एलजी ने लोगों के डेटा को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि डेटा की गोपनीयता भंग की जा रही है। एलजी ने कांग्रेस के आरोपों की जांच का भी आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने एलजी को महिला सम्मान योजना के बारे में पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने महिला सम्मान योजना की जांच की मांग की थी। दिल्ली के उपराज्यपाल ने अपने आदेश में संदीप दीक्षित की चिट्ठी का भी जिक्र किया और कहा कि गैर-सरकारी लोग दिल्ली में महिलाओं से फॉर्म भरवा रहे हैं और उनका व्यक्तिगत डेटा एकत्र कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि अगर आआपा सत्ता में आती है तो इस विवरण का उपयोग उन्हें 2100 रुपये मासिक भत्ता देने के लिए किया जाएगा।






# फास्ट फूड के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चल रहे "सात दिवसीय विशेष शिविर" का द्वितीय दिन रहा। सरस्वती वंदना और एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ आज के दिन की शुरूआत हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सचिंद्र कोड़ा और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी अनिल अत्री द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में उप रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत मुख्य अतिथि डॉ जितेंद्र का पुष्पवचनों से



स्वागत किया। मुख्य अतिथि महोदय ने स्वयंसेवकों को गुरुकुल परंपरा का उदाहरण देते हुए बताया कि सेवा भाव हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। आज हम कीटनाशकों का इतना ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं कि यह सब हमारे

**जागरूक किया**

**आज हम कीटनाशकों का इतना ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं कि यह सब हमारे आहार मे भी शामिल हो गया**

आहार मे भी शामिल हो गया है और हमें अपनी जीवन पद्धति को बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि हमारा शरीर एक मंदिर है और हमे इसकी उसी तरह देखभाल करनी है। उन्होंने फास्ट फूड के भयंकर दुष्परिणामों के बारे में स्वयंसेवकों को सचेत किया ओर पौष्टिक आहार को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम के सायंकालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में एएसआई श्री वीरेंद्र जी ने स्वयंसेवकों को यातायात के नियमों ओर साइबर क्राइम पर विस्तृत व्याख्यान दिया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्री सुरेंद्र सैनी ने नशा मुक्त समाज की स्थापना का संदेश दिया। विद्यालय के स्टाफ श्री नवीन कुमार, पवन कुमार एवं संदीप वर्मा जी भी इस शिविर में उपस्थित रहे। अंतिम सत्र के बाद राष्ट्रगान के साथ दिन की गतिविधियों का समापन हुआ।

# गाजियाबाद में भारी बारिश के चलते 8वीं तक के स्कूल 30 तारीख तक बंद

**गाजियाबाद।** भारी वर्षा के कारण जिले के सभी स्कूलों में आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की छुट्टी रहेगी। इस संबंध में शुक्रवार रात को बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में बृहस्पतिवार को दिन भर वर्षा हुई। आने वाले दिनों में भी वर्षा का अनुमान है। ऐसे में स्कूलों में आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की छुट्टी का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिले के सभी परिषदीय, माध्यमिक सीबीएसई , आईसीएसई व अन्य बोर्ड के स्कूलों के प्रबंधन को निर्देश जारी किए गए हैं।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष उर्फ सागर पुत्रः** रमेश चंद **पताः** मकान नंबर–एल–232 रघुबीर नगर दिल्ली, ने **FIR No. 528/2019 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act. थानाः राजौरी गार्डन दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ सागर,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ सागर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 528/2019 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act. थानाः राजौरी गार्डन दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ सागर,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
एलडी.जेएमएफसी कमरा नंबर 356 पश्चिम
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/16779/WD/2024
(Court Matter)


# गौवंश का कटान करने वाला गौकश पुलिस मुठभेड़ में घायल, पुलिस ने दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** थाना टीलामोड पुलिस ने शुक्रवार की रात मुठभेड़ के दौरान दिल्ली के रहने वाले एक गौकश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से यह गौकश घायल हो गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने पिछले दिनों काका फार्म हाउस के पास गौवंश का कटान किया था, जिसमें उसके साथी भी शामिल थे। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस, पशु काटने में प्रयुक्त उपकरण व बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद किया है। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने शनिवार सुबह बताया कि शुक्रवार की रात्रि को थाना टीला मोड पुलिस कोयल एनक्लेव के सामने संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। तभी मोटरसाइकिल सवार एक युवक



अत्यधिक तेजी से भोपुरा की तरफ से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा दिया। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार युवक ने अपनी मोटरसाइकिल तेजी से कोयल एनक्लेव के सर्विस रोड पर मोड़ने का प्रयास किया, जिसमें वह बरसात होने के कारण फिसल कर गिर गया । पुलिस को अपनी तरफ आता देख उसने पुलिस पर गोली चला दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई जो उसके बाएं पैर में ली लगी । घायल युवक ने अपना नाम मोहम्मद फिरोज निवासी रकाबगंज अशरफ अली रोड थाना चांदनी महल दिल्ली बताया । पुलिस पूछताछ के दौरान यह स्वीकार किया गया कि कुछ दिनों पहले उसने उसके अन्य साथियों के साथ मिलकर काका फार्म हाउस के पीछे पशु कटान किया गया था।

# ऑटो सवार दो बदमाशों ने पुलिस पर की फायरिंग

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह वाहन चेकिंग कर रही पुलिस टीम पर ऑटो सवार बदमाश फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगे। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से गिर गया, जबकि दूसरा पुलिस टीम को चकमा देकर भाग निकला। धरे गए बदमाश ने चोरी की तीन वारदात अंजाम देने का जुर्म कुबूल किया है। पुलिस आरोपितों पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी के मुताबिक, शनिवार सुबह सूरजपुर कोतवाली पुलिस ऐस प्लेटिनम तिराहा के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ऑटो सवार दो संदिग्धों को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया।

# नवजात बच्चे के जीवन को बचाने के लिए डायल करे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदू शर्मा ने कहा कि नवजात बच्चे के जीवन को बचाने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर डायल किया जा सकता है। इस हेल्पलाइन नंबर के साथ-साथ सरकार की हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी सूचना दी जा सकती है। इन नंबरों पर सूचना मिलने के तुरंत बाद नवजात बच्चें को मिशन वात्सल्य के तहत बनाएं गए केन्द्रों में भेजा जाएगा। इन केन्द्रों पर 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के संज्ञान में आया है कि नवजात बच्चों को पालने में असमर्थ अभिभावक अपने नवजात बच्चों को झाडि?ों, डस्टबीन या अन्य सार्वजनिक असुरक्षित स्थानों पर रख देते है। इन स्थानों पर नवजात बच्चे की जिंदगी को खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार ऐसे नवजात बच्चों के अभिभावक अपने नवजात बच्चों



को जिले में शिशु पालन स्वागत केंद्र में रख सकते है। यहां पर जिला बाल संरक्षण यूनिट या बाल कल्याण समिति के द्वारा अपने संरक्षण में लेकर नवजात बच्चों को आगे गोद प्रक्रिया में डाल सकते है। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों का परित्याग करने वाले संबंध में जिला बाल कल्याण संरक्षण कार्यालय के प्रथम तल कमरा नंबर 219 लघु सचिवालय व बाल कल्याण समिति कमरा नंबर 218 प्रथम तल लघु सचिवालय में सम्पर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी जनसाधारण द्वारा इस विषय की सूचना हेल्पलाइन नंबर 112 और चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 पर तुरंत दी जा सकती है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहिद** पुत्र **मोहम्मद यासीन निवासी सी–186, गली नंबर 1, दिलशाद मस्जिद, पुराना मुस्तफाबाद, दिल्ली** ने case **FIR No. 102/2021 U/s 379/356/411/34 IPC, थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है **शाहिद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शाहिद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 102/2021 U/s 379/356/411/34 IPC, थाना करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहिद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **10.02.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा जैदी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 64, चौथा तल, उत्तर पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17021/NE/2024(Court Matter)


# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी फेयरवेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**दिल्ली** वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत के ऑडिटोरियम में कक्षा 12वीं का विदाई समारोह बहुत धूमधाम से मनाया गया। 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात छात्रों ने नृत्य-गायन के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजन किया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कार्ड एवं टाइटल देकर उनको आने वाले भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूल से जुड़ी यादों को सभी से सांझा किया। फन गेम्स का आयोजन किया गया। तत्पश्चात कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने रेम्प वॉक का आयोजन किया। मॉडलिग में



सभी ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सभी का मन-मोह लिया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का सेशन भी रखा गया। निर्णायक मंडल की तरफ से छात्राओं का चयन उनके आत्मविश्वास, पहनावे आदि को जज करते हुए किया गया। सभी पैमाने पर खरे उतरने पर प्राचिता को मिस पर्सनैलिटी एवम् तनिश को मिस्टर पर्सनैलिटी के खिताब से नवाजा गया। जिसमें सर्वोत्तम रेम्प वॉक के लिए विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसके आधार पर कक्षा 12वीं के छात्रों में मिस्टर डीडब्ल्यूपीएस यश त्यागी एवं मिस डीडब्ल्यूपीएस अपेक्षा को और मिस्टर फेयरवेल आयुष एवं प्रिशा को मिस फेयरवेल टाइटल से सम्मानित किए गए। विद्यालय की प्रबंधक समिति ने विदाई समारोह पर बच्चों को उनके भविष्य तथा वार्षिक परीक्षा की

**प्रतिभा**

**सभी ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सभी का मन-मोह लिया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का सेशन भी रखा गया**

शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जीवन में लगन से संघर्षरत होकर समय के साथ मेहनत करता है । विद्यालय की चेयरपर्सन प्रियंका अरोड़ा ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की एवं परीक्षा की शुभकामनाएँ दी। समारोह में विद्यालय के सभी अध्यापकगण उपस्थित रहें।


## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, रोलिंग स्टॉक इन्फा/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थानः** अमृतसर वन्दे भारत चेयर कार अनुरक्षण डिपो में संयुक्त कार्य जैसे (सिविल, यांत्रिकी, सामान्य विद्युत, टी.आर.डी एवं टैलिकोम) के वर्तमान कोचिंग डिपो के अनुरक्षण संरचना के अपग्रेडेशन के संबंध में। |
| 2 | **अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत :** रु. 83.60 करोड |
| 3 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 24 माह |
| 4 | **जमा की जाने वाली जमानती राशिः** रुपये 43,30,100/- |
| 5 | **ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समयः** निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 27.12.2024 से 07.02.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6 | **बोली पूर्व सम्मेलन :** मुख्य परियोजना प्रबंधक, रोलिंग स्टॉक इन्फा (निर्माण), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली में एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी दिनांक 09.01.2025 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7 | **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समयः** 07.02.2025 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 24.01.2025 से 07.02.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है |
| 8 | **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** 11:30 बजे दिनांक 07.02.2025 को खोली जाएंगी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं.-74-डब्ल्यू/4/1/477/डब्लु.ए./आर.एस.इन्फ्रा दिनांक-27.12.2024 3969/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **राकेश, पुत्रः राजेंद्र प्रसाद, निवासी: ई–91, करमपुरा, मोती नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 914/2022 U/S 25 Arms Act** के तहत एक मामला **थाना महिंद्रा पार्क, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **राकेश** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **राकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
एसीजेएम (उत्तर),
कमरा नं. 117, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।

DP/16854/NW/2024


# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी फेयरवेल पार्टी

**समालखा 28 दिसम्बर ( कुलदीप सिंह )**

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत के ऑडिटोरियम में कक्षा 12वीं का विदाई समारोह बहुत धूमधाम से मनाया गया। 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात छात्रों ने नृत्य-गायन के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजन किया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कार्ड एवं टाइटल देकर उनको आने वाले भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूल से जुड़ी यादों को सभी से सांझा किया। फन गेम्स का आयोजन किया गया। तत्पश्चात कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने रेम्प वॉक का आयोजन किया। मॉडलिग में सभी ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सभी का मन-मोह लिया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का सेशन भी रखा गया। निर्णायक मंडल की तरफ से छात्राओं का चयन उनके आत्मविश्वास, पहनावे आदि को जज करते हुए किया गया। सभी पैमाने पर खरे उतरने पर प्राचिता को मिस पर्सनैलिटी एवम् तनिश को मिस्टर पर्सनैलिटी के खिताब से नवाजा गया। जिसमें सर्वोत्तम रेम्प वॉक के लिए विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसके आधार पर कक्षा 12वीं के छात्रों में मिस्टर डीडब्ल्यूपीएस यश त्यागी एवं मिस डीडब्ल्यूपीएस अपेक्षा को और मिस्टर फेयरवेल आयुष एवं प्रिशा को मिस फेयरवेल टाइटल से सम्मानित किए गए।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

Punjab Land of Unlimited Opportunities



# हर एक की हुई तरक्की

## भगवंत मान की पंजाब सरकार की गारंटी पक्की

### अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना

- वर्ष 2024-25 के लिए छात्र छात्रवृत्ति के लिए **₹245 करोड़** की राशि आरक्षित की गई
- वर्ष 2024-25 में लगभग **2 लाख 31 हजार छात्रों** ने छात्रवृत्ति योजना के तहत पंजीकरण कराया
- वर्ष 2024-25 के बजट से **₹92 करोड़** की धनराशि जारी
- वर्ष 2016-2020 तक की **₹366 करोड़** बकाया राशि जारी



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल पर जुड़ने के लिए

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# जलोड़ी जोत टनल बनने से क्षेत्र के पर्यटन को मिलेगी नई पहचान : जयराम ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी:**पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू जिला में प्रस्तावित जलोड़ी जोत टनल की अलाइनमेंट अप्रूवल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी का आभार जताया है। मंडी में जयराम ठाकुर ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि जिस उदारता के साथ केंद्र पहाड़ी राज्य हिमाचल की बिना भेदभाव के वित्तीय सहायता कर रहा है उससे प्रदेश में विकास को गति मिल रही है लेकिन राज्य सरकार न तो इस सहयोग के लिए आभार तक जता पा रही है और न कोई बड़े

**आभार**

▶▶केंद्र सरकार ने हालही में दी है जलोड़ी जोत टनल की अलाइनमेंट को अप्रूवलः जयराम ठाकुर

प्रोजेक्ट के लिए प्रपोजल तक भेज पा रही है। मुख्यमंत्री सिर्फ श्रेय लेने की होड़ में लगे रहते हैं। आजकल इसी इंतजार में बैठे हुए हैं कि कब पूर्व भाजपा सरकार के शुरू किए कार्य पूरा हो और कब उनके उद्घाटन किये जाएं। हैरानी होती है कि भूभु जोत टनल को जब रक्षा मंत्रालय ने सामरिक दृष्टि से जरूरी बताया तो मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि मैंने ये



मामला प्रमुखता से उठाया जबकि असलियत तो ये है कि इस मामले को हमने केंद्र के समक्ष कई बार उठाया है। उन्होंने कहा कि जलोड़ी जोत टनल बन जाने से बंजार और आनी क्षेत्र वर्ष भर आपस में जुड़े रहेंगे और इससे यहां के पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह टनल 4.2 किमी की होगी और इसपर एक हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाएगी। यहां सोझा गांव के लोगों ने टनल को गांव के नीचे से न बनाने की बात कही थी जिसे भी केंद्र सरकार ने सहर्ष स्वीकारते हुए इसकी अलाइनमेंट में बदलाव कर दिया है। अब यह टनल गांव के हटकर बनाई जाएगी। मैंने गांव जाकर उनकी बात सुनी थी और एन एच 305 की ऑट से लेकर लुहरी तक दशा सुधारने के साथ टनल निर्माण जल्द करने की मांग उठाई थी। उन्होंने कहा कि इसके बाद सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने लोकसभा चुनावों के दौरान आनी में टनल निर्माण की घोषणा की थी और बतौर सीएम उन्होंने केंद्र के समक्ष इस विषय को रखा था। अब केंद्र से इसकी अलाइनमेंट अप्रूव हुई है। जल्द ही इसकी डीपीआर बनेगी और फिर बजट प्रावधान के साथ ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि अभी कुल्लू जिला का आनी क्षेत्र सर्दियों के मौसम में जलोड़ी पास पर बर्फबारी के कारण जिला मुख्यालय से कट जाता है लेकिन टनल बन जाने के बाद यह इलाका वर्ष भर जिला मुख्यालय के साथ जुड़ा रहेगा।जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने मंडी और कुल्लू जिलों को जोड़ने के लिए बनने वाली भूभूजोत टनल निर्माण को भी मंजूरी दे दी है। यह टनल जहां सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी वहीं इससे दोनों जिलों के पर्यटन कारोबार को भी नई पहचान मिलेगी। सर्किट हाउस में पूर्व सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा का परिवार भी पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचा था।

## कांग्रेस सरकार के होते नहीं बना पाए स्व. नरसिम्हा राव का कोई स्मारक : सुधीर

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला:** भाजपा के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा की इसमें कोई संदेह नहीं कि मनमोहन सिंह एक महान आत्मा और प्रधानमंत्री थे। कांग्रेस उनके स्मारक की मांग कर रही थी, जिसे भाजपा के केंद्र सरकार ने भी स्वीकार कर लिया, लेकिन जब पीएम नरसिम्हा राव का 23 दिसंबर 2004 को निधन हुआ, उस समय मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस सत्ता में थी फिर भी उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस भवन में रखने की अनुमति नहीं दी गई और न ही अंतिम संस्कार दिल्ली में किया गया। उनके पार्थिव शरीर को दक्षिण भारत भेज दिया गया, जहां अंतिम संस्कार हुआ। सुधीर शर्मा ने कहा कि दिल्ली में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का कोई स्मारक भी नहीं है, जब कांग्रेस सत्ता में थी और उनके अपने पार्टी के प्रधानमंत्री



का निधन हुआ, तब ऐसा क्यों नहीं किया गया।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का आर्डिनेंस फाड़ा और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अपमान करना देश की जनता भूली नहीं है। जिस प्रकार से गांधी परिवार के सभी नेताओं ने देश के गैर गांधी परिवार के प्रधानमंत्रियों के साथ व्यवहार किया है वह जगजाहिर जनता सब जानती और समझती है, कांग्रेस नेता के समय समय पर क्या क्या किया है वह छुपा नहीं है।

## चंबा में बैंक सखियों ने सफलता पूर्वक पूरा किया प्रशिक्षण

टीम एक्शन इंडिया
हामिद

**चंबा :**भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू चम्बा, में दिनांक 24 दिसंबर को बी सी सखी पर आधारित प्रशिक्षण समाप्त हो गया है।





शिविर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आर एस ई टी आई में करवाया गया इस प्रशिक्षण में आई आई बी एफ के द्वारा परीक्षा ली गई जो ऑनलाइन हुई है इस प्रशिक्षण में 20 युवतियों ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार रजक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा बैंकिंग योजनाओं एवं सुविधाओं का व्यापक प्रचार करने की अपील की व उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

यह प्रशिक्षण एन आर एल एम द्वारा प्रायोजित हैं। इस प्रशिक्षण में आम लोगो तक बैंकिंग सेवाए पहुंचाने को बढ़ावा देने के लिए आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण

## वरिष्ठ नागरिक सभा ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर जताया शोक

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर :**नागरिक सभा बिलासपुर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सभा के अध्यक्ष डॉ.जेएन मिश्रा, वरिष्ठ उपप्रधान रत्नलाल सांख्यान व महासचिव मस्तराम वर्मा ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से वरिष्ठ नागरिक सभा में सदस्यों में शोक की लहर है। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह एक सफल अर्थशास्त्री, शिक्षक, कुशल प्रशासक और अपनी सादगी के लिए विश्वप्रसिद्ध प्रधानमंत्री थे। उन्होंने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर, भारत के वित्तमंत्री रहते हुए नए आयाम स्थापित किए। वहीं भारत के प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्हें स्मरण किया जाएगा। देश और आम लोगों की वित्तीय स्थित को सुधारने के लिए उन्होंने अभूतपूर्व निर्णय लिए जिससे देश की व आम नागरिकों की वित्तीय स्थिति में पर्याप्त सुधार हुआ। सभा के मुख्य संरक्षक ओम प्रकाश गर्ग सहित राजपाल सरीन, मनमोहन भंडारी, ईए अश्वनी सुईल, प्रेमलाल पराशर, कमांडेंट सुरेन्द्र शर्मा, कमांडेंट नवल किशोर, राजकुमार टाडू, सुरेश नड्डा, राजेंद्र शर्मा, गंगाराम शर्मा, ओंकार कपिल, डॉ. जयराम शर्मा, शशिबाला, कांता शर्मा, रक्षा टाडू, इंदिरा कपिल, सुशील पुंडीर ने भी डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## गांव कंडा की डॉ मनिका आईजीएमसी शिमला से डमेटीलॉजी विभाग में पीजी करने के लिए चयनित

**कामयाबी**

▶▶डा मनिका परिहार की कामयाबी पर उन के दादा ध्यानसिंह परिहार फूले नहीं समा रहे

टीम एक्शन इंडिया
विशाल

**कसौली:**कसौली विधानसभा क्षेत्र के गांव कंडा की डॉक्टर मनिका परिहार आईजीएमसी शिमला से डमेटीलॉजी विभाग में पीजी करने के लिए चयनित हुई हैं। बता दे की पीजी के लिए, इस विभाग में सामान्य वर्ग के लिए मात्र एक ही सीट थी। जिस पर डॉक्टर परिहार



ने बाजी मारी है।उन की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी की लहर है। डा परिहार की कामयाबी पर उन के दादा ध्यानसिंह परिहार,फूले नहीं समा रहे।उल्लेखनीय है कि डॉक्टर मनिका परिहार ने एमबीबीएस भी आईजीएमसी शिमला से वर्ष 2024 में पास की है।डॉक्टर मनिका परिहार धर्मपुर के साथ लगते कंडा गांव की निवासी है।इन के पिता मनोज परिहार कैंट बोर्ड डगशाई में असिस्टेंट इंजीनियर व माता मंजू परिहार,इंग्लिश की प्रवक्ता है।डॉक्टर परिहार ने अपनी दसवीं की पढ़ाई डीपीएस डगशाई व प्लस टू की पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की है। डॉक्टर परिहार छात्र जीवन से ही अपनी कक्षा में अव्वल रही है।अब डॉक्टर मनिका परिहार आईजीएमसी शिमला से डमेटीलॉजी विभाग में एमडी की पढ़ाई पूरी करेगी, यह इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## न्यूज फ्लैश

### जलोड़ी सुरंग बनाने की अलाइनमेंट के लिए स्वीकृति देने के लिए केंद्रीय नेतृत्व का आभार : जयराम ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला:** शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जलोड़ी सुरंग बनाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा अलाइनमेंट की स्वीकृति देने का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देवभूमि हिमाचल की हर अपेक्षा को प्राथमिकता से पूरा कर रही है। इसी कड़ी में मोदी सरकार ने अपना वायदा निभाते हुए जलोड़ी सुरंग बनाने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी ने जलोड़ी जोत टनल की घोषणा की थी, जिसके निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हिमाचल प्रदेश का विकास भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है, जो वादा भाजपा ने किया था उसे निर्धारित समय के अंदर पूरा करने का काम शुरू हो गया है।

### डा. मनमोहन के रूप में देश ने खोया अनमोल रतन: जगदीश दिनेश

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर :**हिमाचल प्रदेश पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर इकाई के प्रधान जगदीश दिनेश ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के दु:खद निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस घटना से सम्पूर्ण देशवासी स्तब्ध और शोकग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि भारत माता ने अपना वह प्रखर व तेजस्वी लाल खो दिया है। एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर अपनी योग्यता के बल पर एक महान अर्थशास्त्री के रूप में देश के वित्तमंत्री के पद पर रहते हुए उदारीकरण का द्वार खोलकर देश की डगमगाती अर्थ व्यवस्था को पटरी पर लाया और इस प्रकार देश में आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। जगदीश दिनेश ने कहा कि अपनी प्रखर बुद्धि और योग्यता के बल पर 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री के रूप में यूपीए-1 और यूपीए-2 विभिन्न विचार धाराओं वाले दलों की गठबंधन सरकारों का सफल संचालन कर अपनी प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। आपकी योग्यता, कर्मण्यता, विनम्रता, शिष्टता, मधुर स्वभाव, कर्मठता, शालीनता और राष्ट्र प्रेम, चिर स्मरणीय तथा भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

## उत्कृष्ट रहा महिला हैंडबाल टीम का नेशनल लेवल पर प्रदर्शन, बधाइयों का तांता

**प्रतियोगिता**

▶▶ 46वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में छठा स्थान हासिल किया है।

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर :**पिछले वर्ष की कांस्य पदक विजेता हिमाचल प्रदेश जूनियर महिला हैंडबॉल टीम ने तमिलनाडु के डिंडीगुल में आयोजित 46वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में छठा स्थान हासिल किया है।





प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रतियोगिता की विजेता हरियाणा की टीम से एक कड़े संघर्ष में पराजित होने के बाद टीम ने त्रिपुरा को 19-09 से परास्त कर दिया। इस से पूर्व क्वार्टरफाइनल तक के अपने सफर में टीम ने पश्चिम बंगाल को 28-01, महाराष्ट्र को 16-11 और छत्तीसगढ़ को 18-06 से हराया। हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष भरत साहनी, महासचिव नन्द किशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष तेजप्रकाश चोपड़ा, प्रदेश की तकनीकी समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रवेश मौटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष ढिल्लों, उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार, अशोक भुट्टो, अजय कालरा, देसराज ठाकुर, राकेश शर्मा दिशु, प्रियन्ता शर्मा, विवेक शर्मा, संयुक्त सचिव संदीप मित्तल, वीरेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, शिवानी कांगो, कार्यकारिणी सदस्य राजेश शर्मा, अजय रिंटू, अनुज चैधरी, विवेक पठानिया, सुमन पंडित, सोनल शर्मा, विनोद गुलेरिया, हरविंदर सिंह, आफिस सेक्रेटरी सुनील गौतम, हैंडबॉल प्रशिक्षकों अशोक गौतम, सीआर ठाकुर, रफीक अहमद, वीरेंद्र शर्मा, हरिओम, प्रवेश राणा, प्रियंका जसवाल, विपिन रायजादा, दिलबर सिंह, पूनम कृष्ण, पूनम लता तथा वरिष्ठ हैंडबॉल खिलाड़ी खुशी राम गर्ग, जगदीश कौंडल, एमएम गर्ग, जगदीश कुमार, डॉ. लालचंद शर्मा, संजय कौशल इंस्पेक्टर सिम्पल चैहान, पूनम देवी, सोहन लाल, मिंकू चैधरी, हुकम शर्मा, जगदम्बा ने टीम को शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी

## साक्षात्कार की तिथि में आंशिक बदलाव

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी :**बाल विकास परियोजना, मण्डी-सदर के उप-मण्डल सदर के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने हेतु साक्षात्कार 30 दिसंबर को कार्यालय उप-मण्डलाधिकारी (ना0) सदर में रखे गए थे तथा आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 28 दिसंबर निश्चित की गई थी। उक्त साक्षात्कार की तिथि में आंशिक बदलाव किया गया है। जो साक्षात्कार 30 दिसंबर को कार्यालय उपमंडलाधिकारी (ना0) सदर में रखे गए थे वो अब 06.01.2025 को कार्यालय उप-मण्डलाधिकारी (ना0) सदर में प्रातः 11:00 बजे से लिए जाएंगे।

## बर्फबारी से बागवानों तथा किसानों के चेहरे खिले

टीम एक्शन इंडिया
हामिद

**चंबा :**लगभग 4 महीने से अधिक समय से चल रहे सूखे से जिला वासियों को निजात मिल गई है तथा मौसम ने अपना रूप दिखाते हुए जिला के अधिकतर स्थानों को बर्फबारी से ढक दिया है तथा पूरा जिला में वर्षा का क्रम पिछले रोज से जारी है। इससे जहां किसने तथा बागवानो को राहत मिली है वही आम लोगों की मुश्किलों को वर्षा तथा बर्फबारी ने बढ़ा दिया है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिला चंबा के तीसा, सलूणी, भरमौर तथा पांगी



में बर्फबारी होने के समाचार प्राप्त हुए हैं। पांगी में लगभग एक फुट के करीब बर्फ दर्ज की गई है वहीं भरमौर में भी 4 से 5 इंच बर्फबारी दर्ज हुई है। इसके अलावा तीसा तथा सलूणी में भी बर्फबारी के समाचार प्राप्त हुए हैं,जिसके चलते जिला के कई स्थानों पर यातायात अवरोध हुआ है। इसमें सबसे अधिक सड़कें डलहौजी उपमंडल की बंद हुई हैं इसके अलावा पांगी में भी बर्फबारी के चलते संपर्क मार्ग बंद हुए हैं हालांकि पठानकोट - चंबा तथा चंबा -भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग खुले हैं मगर चुवाड़ी-चंबा वाया जोत मार्ग बर्फबारी के कारण बंद हो गया है जबकि चंबा- पांगी वाया साच पास मार्ग भी बंद कर दिया गया है। जहां तक विद्युत आपूर्ति की बात की जाए तो वर्तमान में डलहौजी उपमंडल के 35 ट्रांसफार्मर इस बर्फबारी से प्रभावित हुए हैं जबकि चंबा के 6 ,तीसा के तीन सलूणी के 7तथा भरमौर के 18 ऐसे ट्रांसफार्मर है जहां से विद्युत सप्लाई नहीं हो पा रही है। वर्तमान में हुई बर्फबारी से मिनी स्वीटजरलैंड कहे जाने वाले, खज्जियार पर्यटक स्थल पूरी तरह बर्फ की चादर ओढ़े हुए हैं इसी के साथ ही मणिमहेश झील भी पूरी तरह से जम गई है। लोग इस सर्दी में वर्षा से बचने के लिए अपने घरों के अंदर रहने को मजबूर हैं। बर्फबारी का क्रम समाचार लिखे जाने तक जारी रहे।

## विद्यालय कशोली के छात्र मृदुल का गुजरात के नर्मदा जिले में राष्ट्रीय स्तर, एनसीसी ट्रैकिंग कैंप का प्रशिक्षण के बाद रामपुर में स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमलाः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कशोली के छात्र मृदुल सिंह वैदिक का गुजरात के नर्मदा जिले में राष्ट्रीय स्तर, एनसीसी ट्रैकिंग कैंप का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद विद्यालय पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत द्य साथ ही सत्र 2024 - 25 में जिज्ञासु छात्र के अवार्ड से भी नवाजा गया है प्रधानाचार्य प्रवीण गुप्ता ने 8 एचपी बीएन एनसीसी यूनिट रामपुर के सभी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ विद्यालय के एनसीसी सहायक अधिकारी रामकृष्ण शास्त्री, मृदुल सिंह वैदिक व विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।निरमंड खंड की ग्राम पंचायत बाड़ी के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कशोली के छात्र मृदुल सिंह वैदिक ने गुजरात के नर्वदा जिले में राष्ट्रीय स्तर पर एनसीसी ट्रैकिंग कैंप का आठ दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें देश भर के लगभग 510 कैडेट्स ने भाग लिया विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक व मीडिया प्रभारी अजीत डोगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय पहुंचने पर मृदुल सिंह वैदिक का प्रधानाचार्य प्रवीण गुप्ता व विद्यालय के समस्त स्टाफ की ओर से फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रधानाचार्य महोदय ने कहा कि छोटे से विद्यालय के लिए ये गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थी को राष्ट्रीय



स्तर एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ निश्चित रूप से मृदुल सिंह वैदिक ने विद्यालय के साथ- साथ अपने अभिभावकों,एनसीसी यूनिट रामपुर व प्रदेश का नाम रोशन किया है विद्यालय परिवार की तरफ से मृदुल सिंह वैदिक को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी साथी 8 एचपी बीएन एनसीसी यूनिट रामपुर बुशहर के सभी अधिकारियों और कर्मचारी का दिल से धन्यवाद किया प्रधानाचार्य ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में भी हमारे विद्यालय के छात्रों को इसी तरह एनएसएस यूनिट रामपुर बुशहर की ओर से अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक भारती वर्मा , अभीष्वेत मेहता , पवन वर्मा, धनवीर नेगी, गधीरी लाल, डॉक्टर उर्मिल कौंडल, प्रमलता, रंजना, विक्रांत, एनसीसी सहायक अधिकारी रामकृष्ण शास्त्री, ओम प्रकाश,सुभाष कौशल, सोहन लाल, पुरुषोत्तम कश्यप,वरिष्ठ सहायक प्रेम जोशी, रेजू देवी, मोहन लाल व लायक राम, भगती देवी, देव राज आदि उपस्थित रहे।

## डिग्री कॉलेज चायल कोटी में एनएसएस शिविर का समापन

**शिरकत**

▶▶ माला सिंह, गुरप्रीत सिंह एवं नीलम गुप्ता ने समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमलाः** डिग्री कॉलेज चायल-कोटी में बीते एक सात दिनों से चल रहे एन.एसएस. के विशेष कैम्प का शनिवार को समापन हो गया। रोटरी क्लब, क्वीन हिल्स, शिमला से माला सिंह, गुरप्रीत सिंह एवं नीलम गुप्ता ने समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इन्होंने विद्यार्थियों





को ज्ञानवर्धक बहुमूल्य पुस्तकें उपहार स्वरूप भेंट की गई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाजएन.ने बताया कि सात दिवसीय इस शिविर के दौरान एन.एसएस इकाई चायल-कोटी द्वारा स्वयंसेवियों ने एक विशेष दिनचर्या का पालन करते हुए अनेक गतिविधियाँ सम्पन्न कीं। प्रत्येक दिन की शुरुआत सुबह प्रार्थना से होती थी, उसके बाद सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय में सफाई तथा अन्य आवश्यकता के कार्य पूरे करते थे। उसके बाद विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों के व्याख्यान सुनते थे। डॉ0 दीप शिखा ने बताया कि ऐसे कैंप विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास में सार्थक सिद्ध होते हैं। जिससे बच्चों में आत्म सम्मान, प्रतिस्पर्धा, परिश्रम, समाज सेवा, कर्तव्यपरायणता की भावना उत्पन्न होने से राष्ट्र की एकता और अखंडता को बल मिलता है।इस विशेष कैम्प में प्रबुद्ध वक्ताओं के तौर पर ओपी शर्मा, डीएसपी शक्ति सिंह, डॉ0 राकेश चौहान, राजेश भाटिया, डॉ0 प्रियंका आजाद ने विशेष रूप से इस शिविर में स्वयं सेवियों को विभिन्न विषयों बारे जानकारी दी गईएन.एस.एस. इकाई, चायल-कोटी, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सुशील कुमार मेहता ने इस दौरान अपनी विशेष भूमिका का निर्वहन किया।

## वर्ष-2025 के लिए मंडी जिला में स्थानीय अवकाश घोषित

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी :**मंडी जिले में कैलेंडर वर्ष-2025 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। यह जानकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने वीरवार को पारित आदेश के माध्यम से यहां दी है। उपायुक्त ने बताया कि मंडी जिले के सदर मंडी, बल्ह, गोहर, थुनाग, सुंदरनगर, जोगिंदरनगर, बालीचौकी, पधर, सरकाघाट व कोटली उपमंडलों में 13 मार्च, 2025 वीरवार को होली पर्व एवं 16 सितंबर, 2025 मंगलवार को सायर पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश रहेगा। इसके अलावा करसोग व धर्मपुर उपमंडलों में 14 जनवरी, 2025 मंगलवार को मकर संक्रांति एवं 16 सितंबर, 2025 मंगलवार को सायर पर्व का स्थानीय अवकाश रहेगा।

# केंद्र सरकार पर भड़के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी

## बोले-मनमोहन सिंह को नहीं दिया सम्मान, निगम बोध घाट पर संस्कार को लेकर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले की असंध विधानसभा के पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता शमशेर सिंह गोगी ने केंद्र सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को नमन करते हुए कहा कि एक ईमानदार और काबिल प्रधानमंत्री होने के बावजूद डॉ. मनमोहन सिंह को वह मान-सम्मान नहीं दिया गया, जो दूसरे प्रधान मंत्रियों को मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार करना मौजूदा सरकार, पार्टी और प्रधानमंत्री की सोच को दशार्ता है। यह निर्णय उनकी असुरक्षा की भावना और अपने फैसलों को दूसरों पर थोपने की प्रवृत्ति को दशार्ता है।



उन्होंने इस मुद्दे पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का व्यवहार न केवल सरकार की मानसिकता को दशार्ता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि मौजूदा नेतृत्व अपने निर्णयों में व्यक्तिगत दृष्टिकोण को प्राथमिकता देता है। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की प्रभारियों वाली लिस्ट पर प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया द्वारा अंकुश लगाने के सवाल पर गोगी ने इसे दोनों नेताओं की ईगो प्रॉब्लम बताया। उन्होंने कहा कि इलेक्शन से पहले भी ये ही दोनों नेता थे और आज भी वे ही दोनों नेता हैं, इसलिए दोनों बैठकर आपस में प्यार से बात कर लें। कांग्रेस के कार्यकर्ता पहले ही

**साधा निशाना**

**ईमानदार और काबिल प्रधानमंत्री होने के बावजूद डॉ. मनमोहन सिंह को वह मान-सम्मान नहीं दिया**

परेशान है, उन्हें और परेशान करने की जरूरत ही नहीं है। ऐसे ऐसे कंफ्यूजन पैदा करने की क्या जरूरत है। गोगी ने कहा कि इससे क्या फर्क पड़ता है। पहले भी जो प्रभारी थे, उनमें भी कोई नेता नहीं था। पहले भी कांग्रेस को उस तरफ ले जा रहे थे। आज भी कांग्रेस उस तरफ जा रही है। हाईकमान को इस पर थोड़ा सख्त सा एक्शन लेकर सब कुछ नए सिरे से करना चाहिए और संगठन को बनाकर संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी पर्सनल सलाह है कि आने वाले निगम चुनावों में कांग्रेस को सिंबल पर चुनाव लडा चाहिए। एक मजबूत टीम तैयार हो और उसे कार्य करना चाहिए। अब तो यह भी पता चल चुका है कि कहां पर जरनल है और कहां पर रिजर्व सीट है। जब बीजेपी के खिलाफ लड़ेंगे, तभी तो बीजेपी हारेगी। सिंबल पर लड़ेंगे तो पार्टी का वर्कर भी मिलेगा और कार्यकर्ता का हौसला भी बढ़ेगा, जीत हार तो एक अलग चीज है। करण दलाल के बयान को लेकर गोगी ने कहा कि मैं बात का विरोध नहीं करता। क्योंकि बीजेपी जब पेगासस चला सकती है तो इवीएम क्या चीज है।

# प्रवेश गाबा बने सुख-दुख दे साथी संस्था के प्रधान, पदाधिकारियों ने दी बधाई

**जिम्मेवारी**

**संस्था द्वारा जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है, वह बखूबी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सुख-दुख दे साथी संस्था ने समाजसेवी प्रवेश गाबा को प्रधान नियुक्त किया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था द्वारा जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है, वह बेखुबी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे और सभी के सहयोग से इस संस्था के लिए काम करेंगे। इसके लिए उन्होंने पूर्व प्रधान हितेश मनोचा, राकेश खन्ना, सोमनाथ डाबर, हरमीत सिंह का विशेष रूप से धन्यवाद किया।



उन्होंने कहा कि वह पहले भी इस संस्था से जुड़े रहे हैं और अब जब उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है तो वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिला प्रधान बनने पर प्रवेश गाबा को बधाई दी और फूल-मालाएं पहनाकर उनके बेहतर कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर हरसिमरन वधवा को महासचिव, मोहित चावला को कैशियर, राकेश खन्ना को चेयरमैन, सोमनाथ डाबर को चेयरमैन नियुक्त हुए है। राकेश खन्ना और सोमनाथ डाबर ने बताया कि सुख-दुख दे साथी लगभग 25 साल पुरानी संस्था है। इस संस्था का उद्देश्य एक दूसरे के सुख-दुख में साथ देना है। इसके अलावा यह संस्था समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपना उल्लेखनीय कार्य कर रही है। सुख दुख दे साथी संस्था में नए सदस्यों को भी शपथ दिलाकर उन्हें शामिल किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राकेश खन्ना और पूर्व प्रधान हितेश मनोचा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि ये पदाधिकारी संस्था के साथ चलकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

# घरौंडा में मिला 7 महीने के लडके का भ्रूण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। कैमला रोड पर नाम चर्चा घर के पास एक भ्रूण मिला है। भ्रूण छह-सात महीने का है और लडके का है। भ्रूण को छोटे कंबल में लपेट कर फेंका गया था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। घरौंडा में कैमला रोड पर सत्संग भवन के साथ लगते घर के बाहर नाले पर ही ड्रेनेज सिस्टम लगा है और उसके उपर कंक्रीट का स्लैब बना है। स्लैब पर ही एक कॉर्नर पर लाल-पीले-सफेद कलर का छोटा कंबल पड़ा था। इसके बीच में एक प्लास्टिक का थैला और एक कॉर्नर पर गत्ते की एक खाली पेटी पड़ी है। इसके अलावा सूखे पत्तों का कुछ कचरा पड़ा था। बताया जा रहा है कि आसपास के रहने वाले किसी व्यक्ति ने कंबल को अपने इस्तेमाल के लिए उठाना चाहा, लेकिन उसने कंबल को खोला तो भ्रूण देख उसके

**तफ्तीश**

**भ्रूण छह-सात महीने का है और लडके का है। भ्रूण को छोटे कंबल में लपेट कर फेंका गया था**

होश उड़ गए। इसके बाद लोग मौके पर एकत्रित हो गए और घरौंडा पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। घरौंडा पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भ्रूण मिलने की जानकारी दी। एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए और भ्रण को कब्जे में लेकर लैब भेज दिया है। जांच अधिकारी एसआई मनजीत सिंह ने बताया कि कैमला रोड पर सत्संग भवन के पास भ्रूण मिला है। भ्रूण के अंग बने हुए हैं। आसपास के एरिया में कोई महिला गर्भवती थी या नहीं उसको लेकर सरकारी अस्पताल की मदद ली जाएगी।

# विधायक ने ट्रांसपोर्ट नगर के दुकानदारों से की मुलाकात

**दिशा-निर्देश**

**विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शनिवार को ट्रांसपोर्ट नगर में दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर से जुड़े विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ-साथ



कुछ मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर उनका त्वरित समाधान करने का आश्वासन भी दिया। इस पर ट्रांसपोर्ट नगर के दुकानदारों ने उनका आभार जताया।

बता दें कि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद निरंतर आमजन की समस्याओं को सुनते हैं। शनिवार को वह करनाल के ट्रांसपोर्ट नगर में पहुंचे। यहां ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों व ट्रांसपोर्ट नगर के दुकानदारों, मिस्त्रियों ने उनके समक्ष अपने से जुड़ी मांगे रखी। उन्होंने कुछ स्थानीय समस्याओं से भी अवगत करवाया। विधायक जगमोहन आनंद ने तत्काल अधिकारियों को इस संदर्भ में टेलीफोन पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा।

ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने विधायक जगमोहन आनंद का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विधायक ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। इससे पूर्व भी विधायक जगमोहन आनंद निरंतर सहयोग करते रहे हैं। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा सरकार बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश में विकास कार्य कर रही है। करनाल जिला के आमजन की समस्याओं को सुनना और मुख्यमंत्री तक पहुंचाना, उनका प्राथमिक दायित्व है। करनाल से जुड़ी जो भी वाजिब समस्याएं हैं, उन्हें जल्द से जल्द हल करवाया जाएगा।

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर दो लोगों से 28 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में दो लोगों को विदेश भेजने के नाम पर 28 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। फेसबुक के जरिए संपर्क किए गए एक व्यक्ति ने ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर पैसे मांगे। पीड़ितों ने करनाल की एक फाइनेंस कंपनी के माध्यम से यह रकम दे दी, लेकिन न तो काम हुआ और न ही पैसे वापस किए गए। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता कैमला निवासी फतेह सिंह और करनाल निवासी दीपक कुमार ने बताया कि फेसबुक के जरिए उनकी हरमन सिंह नाम के व्यक्ति से बात हुई। हरमन ने दावा किया कि वह मलेशिया में रहता है और लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। बातचीत के दौरान उसने उन्हें विश्वास में लिया और कहा कि वह उन्हें करनाल की मान फाइनेंस कंपनी से मिलवा देगा, जहां से उनका काम पूरा हो जाएगा। हरमन सिंह ने बताया कि भूपेंद्र मान और अजमेर सिंह नाम के व्यक्ति फाइनेंस कंपनी चलाते हैं। इनके जरिए सिक्योरिटी के तौर पर 28 लाख रुपए जमा करवाने की बात हुई थी।

# तखाना गांव: कमरे में जिंदा जला युवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के तखाना गांव में 32 वर्षीय युवक की जलने से मौत हो गई। युवक का शव उसके बिस्तर पर जला हुआ मिला। मृतक दो बच्चों का पिता था। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक की पहचान 32 वर्षीय रोशन के रूप में हुई है। वह दिहाड़ी मजदूरी करता था। करीब 8-9 साल पहले उसकी शादी हुई थी



और उसके दो बच्चे हैं। वह अपने बुजुर्ग माता-पिता और परिवार का इकलौता सहारा था।

परिवार के सदस्य जगमाल ने बताया कि रोशन शुक्रवार आधी रात को घर आया और अपने कमरे में सो गया। सुबह जब वे उठे और रोशन के कमरे में गए तो वह जला हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी। शायद वह माचिस जला रहा था और उसी दौरान रजाई में आग लग गई और आग ने उसे भी अपनी चपेट में ले लिया। बिस्तर भी बुरी तरह जल गया है।

# पाइट में एजुलीडर्स समिट, 45 स्कूलों के प्रिंसिपलों ने साझा किए अनुभव

**समिट**

**स्कूलों में बच्चों की स्किल को कैसे बढ़ाया जा सकता है, यह बताया जाता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में दो दिवसीय एजुलीडर्स समिट 4.0 का आयोजन किया गया। समिट में 45 स्कूलों के प्रिंसिपलों ने भाग लिया। शिक्षा में नवीनता व रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर अपने अनुभव साझा किए।

पाइट के निदेशक प्रोफेसर डॉ. शक्ति कुमार ने इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन 4.0 और शिक्षा के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे नवाचार और रचनात्मकता राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एजुलीडर समिट में अंबाला, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हाथरस, हिसार, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, रोहतक व कैथल जिलों के प्रिंसिपलों ने भाग लिया।



इसके बाद सतत भविष्य के निर्माण में शिक्षा की भूमिका विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। इसका संचालन साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शक्ति अरोड़ा ने किया। डॉ. विकास त्यागी ने डिजाइन थिंकिंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कैसे डिजाइन थिंकिंग को कक्षा में लागू करके छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ा सकते हैं। विकास नैन ने नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म जैसे लिंक्डइन का उपयोग कर करियर में सुधार के तरीके बताए। डॉ. राधा सिंह ने एजुकेशन 2030 एजेंडा पर विचार रखे। इस दौरान स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के विजेताओं ने भी अनुभव साझा किए।

राउंडटेबल चर्चा में शिक्षकों ने भावनात्मक जुड़ाव और सामाजिक व्यवहार में सुधार पर जोर दिया। इसे ऋतु बेदी और गौरव कपूर ने संचालित किया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि हर बच्चा विशेष होता है। उसके अंदर असीम संभावनाएं होती हैं। शैक्षिक जगत के लिए यह समिट एक मील का पत्थर साबित होगा। मंच पर प्रिंसिपलों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा भी मौजूद रहे।

**पाइट बना है सेंटर**

पाइट को स्किल हब सेंटर बनाया गया है। देशभर के प्रिंसिपल एजुलीडर समिट में भाग लेते हैं। यहां पर स्किल एजुकेशन और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर चर्चा होती है। स्कूलों में बच्चों की स्किल को कैसे बढ़ाया जा सकता है, यह बताया जाता है। भविष्य की शिक्षा को लेकर भी मंथन होता है।

# तमंचे की नोक पर कार ड्राइवर के साथ हुई लूटपाट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में नेशनल हाईवे पर तमंचे की नोंक पर एक कार ड्राइवर के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश कार ड्राइवर से 80 हजार की नकदी और सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित अपने साथियों के साथ अपने भाई को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोडे के बाद वापस लौट रहे थे। कार सवार की माने तो हाईवे पर करीब 10 से 15 मिनट तक झड़प हुई है और जब बदमाश गोली मारने के लिए तैयार हो गए, उसके बाद बताया कि पैसे कहां है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस मौके



पर पहुंची। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस ने चारों ओर नाकेबंदी कर रही है और शिकायत के आधार पर जांच शुरू की है।

जिले के गांव औगंद निवासी राकेश कुमार बीती रात को करीब दो बजे अपने 4 साथियों के साथ स्विफ्ट कार में दिल्ली एयरपोर्ट से करनाल आ रहा था। वह अपने भाई को कनाडा वाली फ्लाइट में बैठाने गया था। जैसे ही वह घरौंडा में पहुंचा तो राधा स्वामी सत्संग भवन के नजदीक नेशनल हाईवे पर एक ऑरा गाड़ी ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक किया और रोक लिया। जिसके अंदर से 4 बदमाश हथियारों के साथ बाहर

**जांच जारी**

**पीड़ित अपने साथियों के साथ अपने भाई को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोडे के बाद वापस लौट रहे थे**

आए। चारों बदमाशों के पास पिस्टल थी और चारों ने हमारी गाड़ी के चारों शीशों पर पिस्टल लगा दी। राकेश ने बताया कि जैसे ही मैंने गाड़ी का शीशा नीचे किया तो मेरे गले में पड़ी सोने की चेन छीन ली। मैं बाहर उतरा और मैने बदमाश से चेन छीन ली और गाड़ी में डाल दी। इसके बाद 10 से 15 मिनट तक झड़प होती रही। जब बदमाशों ने गोली मारने की तैयारी कर ली, तब हमने कहा कि तुम पैसे भी ले जाओ और चेन भी ले जाओ। राकेश ने बताया कि मेरे और मेरे साथियों के पास 80 हजार रुपए थे। उन्हें बदमाश ले गए। वहीं मेरी एक सोने की चेन और सभी से छीनकर 3 मोबाइल भी ले गए।

तीन बदमाशों ने मुंह ढक रखे थे और एक बदमाश का मुंह खुला हुआ था। चोरों लोग पानीपत और सोनीपत की भाषा में बात कर रहे थे। घरौंडा थाना के एसएचओ दीपक कुमार ने बताया कि रात को करीब दो बजे लूट की वारदात की जानकारी मिली थी।

# आग लगने से तीन झुग्गियां जलकर हुई राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में बीती रात झुग्गियों में आग लग गई। इस भीषण आग में 3 झुग्गियां जलकर राख हो गई और परिवारों का सारा सामान, जैसे कंबल, रजाई, कपड़े, राशन, बर्तन और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। आगजनी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना सेक्टर-32 नरसी विलेज के पास रात करीब 12 बजे की है, जब झुग्गियों में रहने वाले परिवार खाना खाकर सो गए। अचानक उन्हें झुग्गी से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दीं। शोर मचाते हुए परिवार ने आनन-फानन में बच्चों के साथ बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग ने भयानक रूप ले लिया था। जब तक लोग आग पर काबू पाते, तब तक तीन झुग्गियां जलकर



राख हो चुकी थी। पीड़ित ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है और ठेकेदार के पास से 5 हजार रुपए लेकर आया था। वह पैसे कपड़ों में थे, वह पैसे भी जल चुके है। दोहरा नुकसान हुआ है। एक तरफ आग लगी हुई थी तो दूसरी तरफ मौसम खराब था। पीडित परिवारों का कहना है कि वे इस ठंडे मौसम में बिना किसी छत के सडक पर आ गए हैं। महिला ने रोते हुए कहा कि उनका सारा सामान जलकर राख हो गया और अब उनके पास ठंड से बचने के लिए कोई कंबल या राशन नहीं है। परिवार ने इस हादसे के बाद आमजन से मदद की अपील की है, ताकि वे सर्दी और बरसात से बच सकें।

# पुलिस अधीक्षक ने लाडवा एरिया के गांवों का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने थाना लाडवा के अंतर्गत गांव ध्यांगला, दुगारी, जोगी माजरा व बीड बतौली गांवों का दौरा कर मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया। बैठक में गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य व मौजिज व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने गांव वासियों की समस्याओं को सुना और उनका निदान करने का आश्वासन दिया। आमजन से बात करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो अपराधो पर नियत्रंण पाया जा



सकेगा और अपराधो में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि गांव में आपसी भाईचारा वा सौहार्द बना कर रखें। पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को थाना लाडवा के अंतर्गत गांव ध्यांगला का दौरा किया। जहां पर पुलिस अधीक्षक ने आमजन की शिकायतें सुनी तथा शिकायतों को संबन्धित डीएसपी/थाना प्रभारी को भेजकर तुरंत कारवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके गांव में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को 74969-

**बैठक**

**जोगी माजरा व बीड बतौली गांवों का दौरा कर मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया**

85327 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा । उन्होंने कहा कि गांव में यदि कोई व्यक्ति चोरी का सामान बेचता या खरीदता है तो उसकी भी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके अतिरिक्त उन्होंने साईबर क्राईम सें बचनें बारे भी जागरुक किया तथा साईबर हैल्पलाइन नम्बर 1930 के बारे जानकारी दी। इस दौरान एसपी ने गांव के लोगो को कहा कि अपराध को रोकने के लिए आप सभी सतर्क रहें और सीसीटीवी कैमरा लगाकर पुलिस का सहयोग करें क्योंकि जनता के सहयोग से पुलिस अपराधो पर अंकुश लगा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने मौजूद ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत डायल 112 पर इसकी सूचना दें। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामवासियों से ग्राम प्रहरी का सहयोग करने की अपील की ताकि अपराधो पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# संपादकीय

## आप ' की माया ' आप ' ही जाने

**भ्रष्टाचार के** खिलाफ संघर्ष का रास्ता अख्तियार कर राजनीति में आयी आम आदमी पार्टी की माया अपरम्पार है। आम आदमी पार्टी अब आईएनडीआईए गठबंधन के सबसे बड़े घटक कांग्रेस को गठबंधन से अलग करने का राग अलाप रही है ,वो भी तब जबकि दिल्ली विधानसभा के चुनाव सर पर हैं। आम आदमी पार्टी अब भाजपा से मुकाबला करने के साथ ही कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलकर अपना और समूचे विपक्षी एकता में कांजी घोल रही है।
आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन में रहते हुए पिछले दिनों हुए तमाम चुनावों में ' फ्री फॉर ऑल ' की नीति पर चुनाव लडे और प्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस का नुक्सान किया और भाजपा की मदद की। इंडिया गठबंधन में शामिल होने से पहले तक आम आदमी पार्टी पर भाजपा की ' बी ' टीम होने का आरोप लगता रहा है ,लेकिन अब यही आरोप आम आदमी पार्टी कांग्रेस पर लगाकर हसी का पात्र बन रही है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि कांग्रेस नेता को सार्वजनिक मंचों से उसके नेताओं को भला-बुरा कह रहे हैं, और अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही तक बता रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ने जा रहे संदीप दीक्षित और मनीष सिसोदिया के खिलाफ कांग्रेस की तरफ से चैलेंज करने वाले फरहाद सूरी पर आम आदमी पार्टी इल्जाम लगा रही है कि वे बीजेपी से पैसा लेकर उसके नेताओं के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। दरअसल आम आदमी पार्टी की दशा अब सांप-छछूंदर जैसी हो गयी है। उसे भाजपा से लड़ना है और कांग्रेस से भी संजय सिंह भी जेल यात्राएं कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी की पूँछ पर भाजपा का पैर पहले से रखा हुआ है । भाजपा सरकार की कृपा से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ,पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया,मंत्री संजय जैन और राज्य सभा सदस्य सदस्य संजय सिंह पहले से जेल यात्रा कर चुके हैं। यानि आम आदमी पार्टी की पूंछ पर भाजपा सरकार का पैर पहले से रखा है और अब कांग्रेस ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मैदान में उतार कर आम आदमी पार्टी की मुश्किलें और बढ़ा दीं हैं। केजरीवाल ने शीला दीक्षित को ही दिल्ली के तख्त से अपदस्थ किया था।
अरविंद केजरीवाल दिल्ली के तख्त पर एक दशक से काबिज हैं। इस बार उन्हें अपना सिंघासन डिगता दिखाई दे रहा है। भाजपा की नजर दिल्ली के तख्त पर पहले से है जबी कांग्रेस भी दिली में एक दशक पहले हुई पराजय का बदला आम आदमी पार्टी से लेना चाहती है। कांग्रेस हालाँकि हाल के दिनों में हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा से पिट चुकी है लेकिन उसके हौसले बुलंद हैं। केजरीवाल को जितना भय भाजपा से नहीं लग रहा उससे कहीं ज्यादा भय कांग्रेस से लग रहा है। सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी लहर से केजरीवाल वाकिफ हैं किन्तु वे अपना भय छिपाये हुए हैं। भाजपा छल-बल से इंडिया गठबंधन को कमजोर करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इस गठबंधन से भाजपा पहले नितीश कुमार को अलग करने में कामयाब रही । बाद में भाजपा तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीम ममता बनर्जी को भी भाजपा ने कांग्रेस पर हमलावर बनाने में कामयाबी हासिल की। अब आम आदमी पार्टी भाजपा की रणनीति को आगे बढ़ा रही है।

# शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की दिशा में अहम फैसला

-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

"दरअसल, संशोधित नीति के अंतर्गत परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिये दो माह के भीतर पुन: परीक्षा की व्यवस्था की गई। कहा गया कि पांचवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के लिये नियमित परीक्षा कराई जाए। दरअसल, संसद में संशोधन बिल पारित होने के उपरांत राज्य सरकारों को छूट दी गई थी कि वे नो डिटेंशन नीति को हटा सकते हैं। इसे राज्यों के विवेक पर छोड़ा गया क्योंकि शिक्षा राज्यों का विषय होता है। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने शैक्षिक सुधारों की दिशा में कदम उठाते हुए नई नीति के तहत केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों तथा सैनिक स्कूलों में नो डिटेंशन नीति को खत्म कर दिया है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को एक और परीक्षा का मौका तो दिया जाएगा, लेकिन उन्हें स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। दोबारा फेल होने पर वे उसी कक्षा में फिर से पढ़ाई करेंगे"

**जुलाई** 2018 में तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर लोकसभा में शिक्षा का अधिनियम, 2009 के संशोधन पर अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई सरकारी स्कूल अब मिड डे मील स्कूल बन गए थे क्योंकि इनमें शिक्षा और सीखना गायब है। उस समय केंद्र में नो डिटेंशन पॉलिसी थी जिसे अब केंद्र की मोदी सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा के लिए हटा दिया है। मोदी सरकार के इस फैसले के बाद अब पांचवीं और आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों को फेल किया जा सकता है।
साल, 2010 में केंद्र की मनमोहन सरकार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार, अधिनियम में संशोधन करके नो डिटेंशन पॉलिसी बनाई थी। कहा जा रहा था कि इस फैसले के चलते छात्रों द्वारा परीक्षाओं को गंभीरता से न लेने से शैक्षिक गुणवत्ता में गिरावट देखी जा रही थी। छात्रों को लगने लगा था कि जब वे फेल नहीं होंगे और अगली कक्षा में बिना पढ़े चले जाएंगे, तो पढ़ना किस लिए। जिसके चलते शैक्षिक स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी। सरकार के इस फैसले से केंद्र के अधीन चलने वाले लगभग 3000 स्कूल प्रभावित होंगे। इनमें केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल शामिल हैं। नो डिटेंशन पॉलिसी जब लाई गई थी तो उसका उद्देश्य स्कूलों में हो रहे ड्रॉपआउट को कम करना, सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाना और परीक्षा में फेल होने के डर को दूर करना था। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 छह से 14 साल के बच्चे के लिए शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाता है और इसके सेक्शन 16 में नो डिटेंशन पॉलिसी का विस्तार से ज़िक्र है। इसके मुताबिक, "नो डिटेंशन का प्रावधान इसलिए बनाया गया है क्योंकि परीक्षाओं का इस्तेमाल अक्सर खराब अंक पाने वाले बच्चों को बाहर करने के लिए किया जाता है. एक बार 'फेल' घोषित होने के बाद, बच्चे या तो कक्षा दोहराते हैं या फिर स्कूल ही छोड़ देते हैं। बच्चे को एक कक्षा दोहराने के लिए मजबूर करना हतोत्साहित करने वाला होता है। आरटीई अधिनियम में 'नो डिटेंशन'




प्रावधान का मतलब बच्चों की शिक्षा का आकलन करने वाली प्रक्रियाओं को छोड़ना नहीं है।"
नो डिटेंशन पॉलिसी के तहत किसी भी छात्र को तब तक फेल नहीं किया जा सकता है, जब तक कि वह कक्षा एक से लेकर आठवीं तक प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं कर लेता है। इसका मतलब है कि अगर कोई छात्र फेल होता है तो उसे अगली क्लास में प्रमोट कर दिया जाएगा। इस पॉलिसी के तहत छात्रों का मूल्यांकन पारंपरिक परीक्षा प्रणाली से अलग सतत और व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) के तहत किया जाता है। इसमें पेपर-पेंसिल टेस्ट, चित्र बनाना, पढ़ना और मौखिक रूप से अभिव्यक्ति आदि शामिल है। दरअसल, पहले सरकार ने इस मुद्दे पर संवेदनशील व मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए छात्रों के प्रति उदार रवैया अपनाया। यह माना गया कि छात्रों को फेल करने से उनके आत्मसम्मान को ठेस लगती है। कतिपय स्थानों पर फेल होने के तनाव में आत्महत्या तक के मामले प्रकाश में आए थे। यही वजह थी कि विद्यार्थियों के स्वाभाविक विकास व उनका मनोबल ऊंचा रखने के लिये उन्हें फेल न करने की नीति अपनाई गई।
दरअसल, नो डिटेंशन नीति लागू करने का मकसद यही रहा कि वंचित व पिछड़े समाज के छात्रों को स्कूलों में अधिक से अधिक दाखिला पाने का मौका मिले। यह नीति राइट टू एजुकेशन का हिस्सा थी। दरअसल, इस नीति का मकसद स्कूलों में बेहतर वातावरण बनाना था जिससे बच्चे बिना किसी भय के नियमित स्कूल आते रहें। उन्हें फेल न करने की नीति का मकसद यह भी था कि वे फेल होने पर शर्म महसूस न करें। किसी तरह का तनाव न झेलें। लेकिन इस कोशिश का परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई से विमुख होने लगे। उनके मन से परीक्षा की गंभीरता का भाव जाता रहा। यही वजह थी कि जुलाई 2018 में राइट टू एजुकेशन को संशोधित करने हेतु लोकसभा में बिल पेश किया गया। इसमें स्कूलों में लागू नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का विचार किया गया। कालांतर 2019 में राज्य सभा में भी यह बिल पारित हुआ। दरअसल, संशोधित नीति के अंतर्गत परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिये दो माह के भीतर पुनः परीक्षा की व्यवस्था की गई। कहा गया कि पांचवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के लिये नियमित परीक्षा कराई जाए। दरअसल, संसद में संशोधन बिल पारित होने के उपरांत राज्य सरकारों को छूट दी गई थी कि वे नो डिटेंशन नीति को हटा सकते हैं। इसे राज्यों के विवेक पर छोड़ा गया क्योंकि शिक्षा राज्यों का विषय होता है।
बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने शैक्षिक सुधारों की दिशा में कदम उठाते हुए नई नीति के तहत केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों तथा सैनिक स्कूलों में नो डिटेंशन नीति को खत्म कर दिया है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को एक और परीक्षा का मौका तो दिया जाएगा, लेकिन उन्हें स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। दोबारा फेल होने पर वे उसी कक्षा में फिर से पढ़ाई करेंगे। निस्संदेह, फैसले के बाद छात्र इम्तिहानों को गंभीरता से लेने पर परीक्षाओं की गरिमा भी बरकरार रहेगी। दरअसल, सरकार की कोशिश रही है कि नई शिक्षा नीति उदार बनी रहे और इससे उनकी सीखने की प्रवृत्ति का विकास हो सके।
शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 का असर स्कूली छात्रों के एडमिशन में और पढ़ने-लिखने की क्षमता पर देखा जा सकता है। एन्युअल स्टेट्स ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर) बच्चों के एडमिशन के साथ बुनियादी पढ़ने और गणित समझने की क्षमता से संबंधित सर्वे है। यह सर्वे देश के लगभग हर ज़िले में एक स्थानीय संस्था के वॉलिंटियर्स के द्वारा किया जाता है। एएसईआर के आंकड़ों के अनुसार, स्कूलों में दाखिला लेने वाले 7 से 16 साल की आयु के बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, 2008 में 7 से 16 वर्ष की आयु के लगभग 5.7 प्रतिशत बच्चे स्कूल नहीं जाते थे, यह संख्या 2022 में घटकर 2.3 फीसदी रह गई। लेकिन रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पढ़ने और अंकगणितीय क्षमता के आधार पर सीखने के स्तर में भी इस अवधि के दौरान गिरावट आई है।
यहां उल्लेखनीय है कि पहले ही बीस राज्य व केंद्रशासित प्रदेश नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर चुके हैं। लेकिन यहां जरूरी है कि स्कूलों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जाए। इसके लिये आवश्यक है कि शिक्षा में छात्रों की रुचि बढ़ाने वाले पाठ्यक्रम लागू हों, व्यक्तिगत शिक्षण दृष्टिकोण तथा व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा मिले। ऐसे में यदि छात्रों को प्रणालीगत विफलताओं का त्रास झेलना पड़े तो यह उनके प्रति अन्याय करने जैसा ही होगा। चिंता व्यक्त की जाती रही है कि नये फैसले से हाशिये पर रहने वाले समुदायों के बच्चों के साथ न्याय नहीं होगा। उनमें फेल होने के डर से स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। जिसकी आशंका तमिलनाडु जैसे राज्य पहले ही जता चुके हैं। चिंता जतायी जाती रही है कि ऐसे प्रयासों से शिक्षा के अधिकार की रचनात्मक पहल बाधित हो सकती है।

# कविता

## सर्दी की पहली बरसात

उपवन में छाई
महीनों के बाद बाहर।

छाई हरियाली खेतों में
और छिटकी सूर्य की
पहली लाल किरण
बागों में।

दूर वनों में पसरा
गहरा कोहरा और
घरों में गर्माहट कर रहा
काला कोयला।

हिमपात हो रहा पहाड़ों पर
और बह रहा
शीतल स्वच्छ जल
नदी नलों में।

डॉ.राजीव डोगरा

## समस्याओं को बढ़ावा देते पैकेज्ड खाद्य पदार्थ

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**बहुराष्ट्रीय** निगम अक्सर अमीर देशों की तुलना में कम आय वाले देशों में कम स्वस्थ भोजन बेचते हैं। खाद्य उत्पादों के लिए स्वास्थ्य स्टार रेटिंग अमीर देशों के लिए औसतन 2.3 जबकि गरीब देशों के लिए 1.8 थी, जो शोषण की सीमा पर एक असमानता को दर्शाती है। नारियल तेल, जिसे कभी हृदय रोग से जोड़ा जाता था, अब इसके न्यूरोप्रोटेक्टिव गुणों के लिए प्रचारित किया जाता है। बीज के तेल, जिन्हें पहले काफी बढ़ावा दिया जाता था, अब हानिकारक माने जाते हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी इस्तेमाल और आंत माइक्रोबायोम अध्ययनों द्वारा मान्य पारंपरिक आहार, तेजी से महत्त्व प्राप्त कर रहे हैं। परिष्कृत अनाज और पॉलिश किए गए खाद्य पदार्थों ने मधुमेह और मोटापे सहित स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा दिया है। ग्रीनवाशिंग और निगमों द्वारा निराधार पर्यावरणीय दावे उपभोक्ताओं को और गुमराह करते हैं। हाल ही की रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि लिंड्ट डार्क चॉकलेट में स्वीकार्य स्तर से ज्यादा लेड और कैडमियम होता है। कंपनी इसका कारण कोको में भारी धातुओं की अनिवार्यता को मानती है। अमेरिका में, एक वर्ग-कार्रवाई मुकदमा दायर किया गया है; हालाँकि, कंपनी बिना किसी बाधा के अपना संचालन जारी रखती है। 2015 में, नेस्ले के मैगी नूडल्स पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया था, क्योंकि परीक्षणों में अत्यधिक लेड और मोनोसोडियम ग्लूटामेट सामग्री पाई गई थी। इसने भ्रामक विपणन रणनीतियों को उजागर किया, जहाँ अत्यधिक प्रसंस्कृत उत्पाद को "स्वाद भी, स्वास्थ्य भी" टैगलाइन के साथ एक स्वस्थ विकल्प के रूप में विज्ञापित किया गया था। टू न्यूट्रिशन इनिशिएटिव अध्ययन से पता चलता है कि बहुराष्ट्रीय निगम अक्सर अमीर देशों की तुलना में कम आय वाले देशों में कम स्वस्थ भोजन बेचते हैं। खाद्य उत्पादों के लिए स्वास्थ्य स्टार रेटिंग अमीर देशों के लिए औसतन 2.3 जबकि गरीब देशों के लिए 1.8 थी, जो शोषण की सीमा पर एक असमानता को दर्शाती है। यह असमानता व्यवस्थित शोषण को दर्शाती है और वैश्विक निगमों की समान खाद्य गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने की नैतिक जिम्मेदारी को रेखांकित करती है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर सामग्री, पोषण मूल्य और समाप्ति तिथियों के लिए लेबलिंग अनिवार्य करता है। नियामक आवश्यकताओं के बावजूद, कई कंपनियाँ "पर्यावरण के अनुकूल" , "जैविक" या "आहार के अनुकूल" होने जैसे अपुष्ट दावे करती हैं। कई उपभोक्ता लेबल की पूरी तरह से जाँच करने में विफल रहते हैं, इसके बजाय विज्ञापन से प्रभावित फ्रंट-पैक स्वास्थ्य दावों पर भरोसा करते हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने पहचाना कि भ्रामक लेबल गैर-संचारी रोगों और मोटापे को बढ़ाने में योगदान करते हैं।

# विचार

## शाह बानो के आंसू रुलाते ही रहेंगे कांग्रेस को

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

**इंदौर की** बेबस तलाकशुदा शाह बानो भारत में मुसलमान औरतों की बेबसी के प्रतीक के रूप में 1980 के दशक में सामने आईं थीं। उसके बाद के कालखंड में जब भी ऐसा लगने लगता है कि देश उन्हें भूल रहा है, तब ही उनकी फिर से किसी न किसी रूप में चर्चा प्रारंभ हो जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संसद में संविधान के 75 साल पूरा होने पर हुई चर्चा के दौरान शाह बानो मामले का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, " सुप्रीम कोर्ट से शाह बानो को हक मिला था। राजीव गांधी ने सुप्रीम कोर्ट की उस भावना को, नकार दिया। उन्होंने वोट बैंक की राजनीति की खातिर संविधान की भावना को बलि चढ़ा दिया।" यह सच है कि इंसाफ के लिए तड़प रही एक महिला की बजाय राजीव गांधी ने इस्लामिक कट्टरपंथियों का खुलकर साथ दिया था। संसद में अपनी बहुमत के बल पर आनन फानन में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक बार फिर पलट दिया गया था। दरअसल शाह बानो केस भारत की राजनीति और कानूनी प्रणाली में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। यह मामला 1985 में सामने आया था और इसने देश में एक बड़ी बहस छेड़ दी थी। शाह बानो इंदौर की एक मुस्लिम महिला थीं, जिन्हें उनके पति ने तलाक दे दिया था। उन्होंने गुजारा भत्ता (भरण-पोषण) की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया। निचली अदालतों ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। लेकिन , उनके पति ने इस फैसले को मानने की बजाय सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे डाली थी। सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत, तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। अदालत ने यह भी कहा कि यह कानून सभी धर्मों के लोगों पर लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने देश में एक राजनीतिक भूचाल सा ला दिया। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने इस फैसले का विरोध किया और इसे अपने धार्मिक कानूनों में हस्तक्षेप माना। उन्होंने सरकार पर मुस्लिम पर्सनल लॉ में बदलाव करने का आरोप लगाया। वे किसी भी रूप में शाह बानो के हक में खड़े होने के लिए तैयार नहीं थे। शाह बानो एक बुजुर्ग औरत थीं । उसका साथ देने के लिए कोई भी मुस्लिम संगठन खडा नहीं हुआ । उन्होंने उसे अपनी हाल पर मरने के लिए छोड़ दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार ने इस मामले में एक अत्यंत ही विवादास्पद कदम उठाया। उन्होंने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 पारित किया। इस अधिनियम ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने की जिम्मेदारी उनके पति के बजाय उनके परिवार या वक्फ बोर्ड पर डाल दी। वक्फ बोर्ड जैसे महा भ्रष्ट संगठन ने किसकी किसकी कब मदद की, यह बात न राजीव गांधी को पता थी और न उनके करीबियों को। राजीव गांधी सरकार के फैसले की व्यापक आलोचना हुई। कई लोगों ने इसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण और लैंगिक न्याय के खिलाफ माना। जो सच भी था। इस मामले ने भारतीय राजनीति में धार्मिक और लैंगिक मुद्दों को केंद्र में ला दिया। शाह बानो केस ने धार्मिक आधार पर भारतीय समाज को ध्रुवीकृत भी कर दिया। इसने भारत में महिला अधिकारों और लैंगिक न्याय पर एक नई बहस छेड़ दी। शाह बानो केस ने राजनीतिक दलों की भूमिका और अल्पसंख्यकों के प्रति उनके दृष्टिकोण को उजागर किया। देश के आम अवाम को समझ आ गया कि कांग्रेस मुसलमानों के वोट हासिल करने के लिए किसी भी हदतक समझौता कर सकती है।बेशक, शाह बानो केस भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना बनी हुई है , जो आज भी प्रासंगिक है। यह मामला बताता है कि कैसे धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे सामाजिक न्याय और समानता को प्रभावित कर सकते हैं। शाह बानो केस में मुस्लिम संगठनों का असली चेहरा सामने आ गया। वे तलाकशुदा मुस्लिम महिला को अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता पाने का हकदार नहीं मानते थे। उनका तर्क था कि यह फैसला मुस्लिम पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप करता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## मोबाइल, इंटरनेट अति उपयोगी का प्रभाव

**संजीव**

**मोबाइल** इंटरनेट वर्तमान युग में अत्यंत उपयोगी है इसके बिना शिक्षा स्वास्थ्य तकनीकी में कार्य नहीं किया जा सकता है पर दूसरी तरफ मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव भी मोबाइल इंटरनेट और कंप्यूटर से पड़ने लगा है। टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 135 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था।

## ये बर्तन खत्म क्यों नहीं होते

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**माँजने** के बर्तन कभी खत्म क्यों नहीं होते? यह सवाल कोई मामूली सवाल नहीं है, बल्कि एक गंभीर और गहरे चिंतन का विषय है। बर्तन माँजते समय यह अहसास होता है कि जैसे बर्तन का काम कभी खत्म ही नहीं होता। चाहे सुबह हो या शाम, बर्तन जैसे लगातार बढ़ते रहते हैं। यह रहस्य आज भी अनसुलझा है, और हम सभी इसके रहस्यमय संसार में डूबे रहते हैं। सबसे पहले बात करते हैं उस अदृश्य शक्ति की, जो बर्तन को बढ़ाती जाती है। बर्तन धोते वक्त हमेशा ऐसा लगता है कि बर्तन खुद को पैदा करते हैं। जैसे ही आप एक बर्तन को धोते हैं, ठीक उसी समय आपके सामने एक नया बर्तन आ जाता है। यह किसी जादू से कम नहीं लगता। एक समय था जब हम बर्तन धोते थे तो लगता था कि बस अब काम खत्म हो गया है, लेकिन नहीं, जब तक आप धोने में व्यस्त रहते हैं, एक और बर्तन खुद ब खुद सामने आ जाता है। क्या यह बर्तनों का कोई गुप्त कनेक्शन है? क्या यह हमसे चुपके से कोई शरारत कर रहे हैं? इसका उत्तर आज तक कोई नहीं दे पाया। अगर हम थोड़ी गहरी सोच में जाएं, तो यह सवाल और भी पेचीदा हो जाता है। बर्तन धोने के बाद अगर घर के किसी और सदस्य से कुछ खाने-पीने का आग्रह हो, तो यह मान लीजिए कि आपका काम फिर से शुरू हो गया है। जितने बर्तन पहले थे, उतने ही नए बर्तन आते जाते हैं। मानो जैसे बर्तन कभी खत्म ही न होने वाली प्रक्रिया का हिस्सा बन गए हों। घर में क्या होता है? आपने जो बर्तन एक बार धो दिए, वह फिर से गंदे हो जाते हैं, मानो जैसे गंदगी का कोई एंटरप्राइज हो। यह सब बर्तनों की अप्रत्याशित चालबाजी है, जो किसी को भी भ्रमित कर सकती है। और फिर आते हैं बर्तन धोने का वह खास अनुभव, जिसे हम सब कम से कम एक बार तो जरूर जी चुके हैं।
बर्तन धोते समय वह थकान और उबाऊपन जो आपको महसूस होती है, वह किसी परेड से कम नहीं। क्या यह बर्तन हमारे जीवन में वही भूमिका निभाते हैं, जो पुराने रिश्तेदार निभाते हैं? हर समय मौजूद, कभी न खत्म होने वाले, और हर बार हमें यही एहसास दिलाने वाले कि, "आपकी स्थिति में सुधार होने वाला नहीं है।"

## न्यूज फ्लैश

### वार्ड 8 में वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन धारकों के दस्तावेजों की जांच के लिए लगाया कैम्प



**राई।** राई जिले के वार्ड 8 के अंतर्गत क्षेत्र के वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन धारकों के दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष शिविर शुक्रवार को कम्यूनिटी सेंटर में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई की देख रेख में लगाया गया। शिविर में वार्ड 8 के पेंशन धारको के दस्तावेजों की निशुल्क जांच कराई गई। निगम पार्षद के नेतृत्व में प्रशासन की ओर से गठित अधिकारियों की टीम ने लोगों के दस्तावेजों की जांच की। पार्षद पुनीत राई ने जानकारी देते बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा नॉन-स्टॉप आगे बढ़ रहा है। हरियाणा की डबल इंजन सरकार विकास का नया इतिहास रचने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादे किए हैं उन्हें नायब सरकार एक-एक करके पूरा कर रही है।

### पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर निगम पार्षद पुनीत राई ने जताया शोक



**राई।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया और भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। पुनीत राई ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के द्वारा भारत के लिए किए गए योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री एवं देश के वरिष्ठ नेता डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से पूरा देश अत्यंत दुखी है। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक, 10 वर्ष देश के प्रधानमंत्री रहे और उससे पहले उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में मदद की। वह वैश्विक वित्तीय और आर्थिक क्षेत्रों में एक प्रसिद्ध नाम थे। साधारण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वह देश के कुछ सबसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे।

### नारनौल: ह्यएनीमिया मुक्त हरियाणाह्न की दिशा में उठाए जा रहे सार्थक कदम

**नारनौल।** हरियाणा सरकार ने एनीमिया के उपचार के लिए एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान चलाया हुआ है। 100 दिन का त्योहार, एनीमिया पर वार नामक इस अभियान का उद्देश्य राज्य से एनीमिया को खत्म करना है। उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई भी एनीमिया से पीड़ित है तो डॉक्टर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सलाह के अनुसार मुफ्त में उपचार ले सकते हैं। यह अभियान एक से 19 वर्ष तक के बच्चों के लिए तथा प्रजनन आयु वर्ग की 20 से 49 साल तक की महिलाओं के लिए है। एनीमिया के उपचार के लिए अलग-अलग आयु वर्ग के लिए खुराक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान हर महीने अपने खून में हीमोग्लोबिन यानी एचबी के स्तर की जांच भी जरूर कराएं। उन्होंने बताया कि आईएफए सप्लीमेंटेशन व एल्बेंडाजोल की दवाई नजदीकी आशा, एएनएम, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र से निशुल्क प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के इस अभियान को कामयाब बनाने के लिए जागरूक बने तथा रोजाना संतुलित भोजन लें। एनीमिया के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नागरिक जागरूक बनें। सिविल सर्जन ने बताया कि एनीमिया से पीड़ित नागरिक के कुछ लक्षण दिखाई देते हैं। उसी आधार पर उसे डॉक्टर उपचार के लिए खुराक देता है। उन्होंने बताया कि थकान या कमजोरी, चिड़चिड़ापन, सांस फूलना, चक्कर आना, सिर दर्द, त्वचा या निचली पलक के अंदर लालिमा कम होना, एकाग्रता की कमी, भूख न लगना तथा कम सहनशीलता एनीमिया के लक्षण है। सिविल सर्जन ने बताया कि नागरिक हर रोज आयरन से भरपूर संतुलित भोजन का सेवन करें।

# नपा व पुलिस के आदेशों को अनदेखा करते हुए रेहड़ी व दुकानदारों का अतिक्रमण हुआ शुरू

### अतिक्रम हटाओ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी : सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** शहर के मुख्य सड़क मार्गों पर अतिक्रमण हटाने में नगर पालिका व पुलिस के आदेश रेहड़ी वालों व दुकानदारों पर विशेष अहमियत रखते हैं । नगर पालिका की ओर से कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से अतिक्रमण हो जाते हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मुनादी करवाई । नगर पालिका कर्मचारियों की ओर से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी भी दे चुके है। लेकिन इस कार्रवाई का दुकानदारों व रेहड़ी वालों पर पर कोई असर नहीं दिख रहा। अतिक्रमण हटाने के आदेशों का पिछले दिनों खूब असर दिखाई दिया और शहर के रेलवे स्टेशन से लेकर देवीलाल



चौक तक शहर खुला नजर आया और वाहन चालकों को राहत मिली । नगर पालिका व पुलिस की तरफ से आदेश था कि कोई भी रेहड़ी वाला रेलवे रोड पर लगाई गई पीली पट्टी से बाहर अपनी रेहड़ी को नहीं खड़ा करेगा। लेकिन आप फिर दोबारा से रेहड़ी वाले आदेशों की अवेलना करते हुए शहर में अतिक्रमण करने में जुट गए हैं। वाहन चालक सुरेश, विकास, महेंद्र ,रणबीर ने बताया कि नगर पालिका को अतिक्रमण हटाने के लिए निरंतर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि शहरवासी आसानी से आवागमन कर सकें। नगर पालिका की ओर से की जाने वाली कार्रवाई का दुकानदारों पर कोई असर नहीं हो रहा। इसलिए कार्रवाई के बाद वे फिर से सड़क पर कब्जा कर लेते हैं। वहीं कुछ रेहड़ी वालों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नगर पालिका की ओर से भेदभाव किया जा रहा है। नगर पालिका भी बडे दुकानदारों को परेशान नहीं करती बल्कि छोटे व्यापारियों को तंग करती है। बड़े दुकानदारों में भी अपनी दुकानों के आगे सामान लगा कर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। जब वे दुकानों के आगे अतिक्रमण करते हैं तो उन्हें मजबूरी में आगे बढ़ना पड़ता है। और अतिक्रमण करने में उनका नाम आता है । सड़क पर भी सामान लगाकर अतिक्रमण किया हुआ है। पहले वहां से अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए।

## दूसरे दिन रुक रुक कर हुई वर्षा, गेहूं व सरसों को फायदा




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** दूसरे दिन रुक रुक कर हुई वर्षा से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। शनिवार को अल सुबह तेज वर्षा हुई, जिसके बाद दोपहर 12 बजे तक बुंदाबांदी चलती रही। दोपहर 12 बजे के बाद भी आसमान में काले बादल छाए रहे और सूर्य देव ने दर्शन नहीं दिए। अल सुबह हुई बरसात से कई जगहों पर जलभराव की स्थिती बन गई, लेकिन बाद में वर्षा रुकने के बाद लगभग सभी जगहों से पानी नालों में उतर गया। जिससे लोगों को आवाजाही में कोई परेशान नहीं हुई। हालांकि धूप न निकलने की वजह से मौसम पूरा दिन ठंडा रहा। जिस कारण लोग अपने घरों में दुबके रहे। धूप न निकलने की वजह से स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सचेत रहना होगा। डा. रोहतास भल्ला के अनुसार ऐसे मौसम में ठंडी चीजों के सेवन से बचें और गर्म, ताजा व संतुलित आहार लें। जिससे सर्दी, जुकाम, बुखार से बचा जा सके।

**-गेहूं व सरसों को फायदा**
कृषि विभाग के अनुसार वर्षा से गेहूं व सरसों की फसल को फायदा होगा। यदि आने वाले दिनों में तेज हवाएं और ओलावृष्टि हुई तो इन फसलों को नुकसान भी पहुंचे सकता है।

## गांव दुभेटा में मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए चार युवको

**गन्नौर ।** गांव दुभेटा में मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए चार युवको ने गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास गांव के ही युवक की मोटरसाइकिल रुकवाकर मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है । पुलिस चौकी खुबडू झाल मे दी शिकायत में गांव दुभेटा के उतम ने बताया कि 25 दिसंबर को वह अपने दोस्त अमृत के साथ अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर कासण्डी से अपने गांव दुभेटा आ रहे थे। मोटर साईकिल को मेरा दोस्त अमृत चला रहा था , जब हम गांव के प्राथमिक

# गढ़ी झंझारा रोड पर पाइप दबाने के लिए उखाड़े गए पत्थर दे रहे हादसों को न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** गढ़ी झंझारा रोड पर दूषित पानी की निकासी के लिए एनपी-2 पाइपलाइन दबाने का काम किया गया है। यह पाइपलाइन पांची रोड से होते हुए अगवानपुर एसटीपी तक जाएगी। गढ़ी झंझारा रोड का दूषित पानी इस पाइपलाइन से होते हुए सीधी एसटीपी में गिरेगा। ठेकेदार द्वारा पाइप दबाने काम तो कर दिया गया है, लेकिन अभी सड़क से उखाड़े गए पत्थरों को वापिस नहीं रखवाया है। जिससे वहां अब हादसे का भय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है वर्षा के कारण वहां कीचड़ फैल गया है। जिससे दुपहिया



वाहन चालक हादसे का शिकार बन सकते हैं। उन्होंने ठेकेदार से पत्थर जल्द से जल्द रखवा कर सड़क को दुरुस्त करवाने की मांग की है। गौरतलब है कि गढ़ी झंझारा रोड व उसके साथ लगती कालोनी में पानी निकासी की समस्या वर्षों से जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। इस समस्या से निपटने के लिए नगरपालिका द्वारा गढ़ी झंझरा, खेड़ी रोड, पांची रोड से होते हुए अगवानपुर रोड स्थित एसटीपी तक एनपी-2 पाइपलाइन दबाने का काम किया जा रहा है। जिसके बाद जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। इस बारे में पालिका सचिव पवित्र गुलिया ने कहा कि पाइप लाइन दबाने काम चल रहा है।

**लापरवाही**

**गढ़ी झंझारा रोड का दूषित पानी इस पाइपलाइन से होते हुए सीधी एसटीपी में गिरेगा**

## नशा तस्करों की चेन तोड़ने में लगातार मिल रही कामयाबी



**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एंटी नाराकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 21.46ग्राम हेरोइन की तस्करी मामले में आरोपी सप्तयार को जीन्द के बराह गांव से काबू किया। आरोपी की पहचान राजबीर निवासी बराह जीन्द के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि उनकी टीम ने 25 दिसम्बर को सिवाह बस अड्डा के पास मांडी गांव के टिंकू को 21.46ग्राम हेरोइन सहित काबू किया था। पूछताछ में आरोपी टिंकू ने ये हेरोइन पानीपत आसपास के क्षेत्र में बेचने के लिए जीन्द के बराह गांव निवासी राजबीर पुत्र रामफल से 25 हजार रूपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। पुलिस टीम ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए आरोपी टिंकू को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल कर उसकी निशानदेही पर शुक्रवार को दबिश देकर आरोपी नशा सप्लायर राजबीर को जीन्द के बराह गांव से काबू किया।

# अब पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर बनेगा भव्य और सुंदर आरती स्थल: धुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा :** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर अब ब्रह्मसरोवर की तर्ज पर भव्य और सुंदर आरती स्थल का निर्माण किया जाएगा। इस आरती स्थल की परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए गए है और इस आरती स्थल का नक्शा भी तैयार कर लिया गया है। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने टीम के सदस्यों के




साथ पिहोवा सरस्वती तीर्थ का निरीक्षण करने के उपरांत बातचीत की है। इससे पहले मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणी, अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मेला प्राधिकरण के सदस्य डा. अवनीत सिंह, युद्धिष्ठद्दर बहल, रामधारी शर्मा ने सरस्वती तीर्थ के तट पर भव्य आरती स्थल बनाने के लिए निरीक्षण किया और आरती स्थल के लिए जगह को चिन्हित किया। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार और ओएसडी भारत भूषण भारती की देख रेख में सरस्वती तीर्थ पर भव्य आरती स्थल की परियोजना को पूरा किया जाएगा। इस परियोजना की फाउंडेशन तैयार करने के आदेश सम्बन्धित अधिकारी को दिए गए है। इस परियोजना को लेकर नक्शा तैयार कर लिया गया है।
उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव से पहले इस योजना को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन यह तय है कि ब्रह्मसरोवर की तर्ज पर आरती करने का कार्य जरूर शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने पुजारियों को अपनी तरफ से आवश्यक सामान और सामग्री उपलब्ध करवा दी गई है। इस सरस्वती तीर्थ को भव्य और सुंदर बनाने की पहल करते हुए आरती स्थल का निर्माण करने के लिए सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है।

# बारिश के कारण बापौली गांव स्थित जय ओवरसीज राइस मिल का शेड गिरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
बापौली क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही तेज बरसात और हवा के कारण बापौली गांव स्थित जय ओवरसीज राइस मिल का सैड गिर गया। खेतों में सब्जी की फसल भी प्रभावित हुई है। जस ओवरसीज राइस मिल के मालिक गौतम ने बताया कि रात को बरसात के साथ तेज हवाएं चल रही थी । तेज हवाओं के कारण बापौली स्थित हमारे राइस मिल का सैड गिर गया । इस दौरान मिल में मजदूर भी काम कर रहे थे,गनीमत रही कि किसी मजदूर



को चोट नहीं आई । सैड गिरने से उसके मिल का काम बंद हो गया जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया । बापौली गांव में भी बरसात के कारण सब्जी की खेती प्रभावित हुई है ।

## ट्रांसफार्मरों से सामान चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
ठंड होते ही खेतों में लगे ट्रांसफार्मरों से सामान चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। तीन दिन में आधा दर्जन ट्रांसफार्मरों से तांबे का सामान चोरी हो चुका है। मामले में सेक्टर-13/17 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सब अर्बन डिवीजन के एसडीओ नरेंद्र जागलान ने पुलिस शिकायत में बताया कि विभाग की ओर से बराना निवासी किसान संदीप के खेत में 16 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। रात में चोर जीओ स्विच काटकर ट्रांसफार्मर से तांबे की क्वाइल चोरी कर ले गए। निगम को करीब 59 हजार का नुकसान हुआ है। इससे पहले भी चोर गांव रेरकलां से चार और गांव सौंधापुर के खेतों से भी एक ट्रांसफार्मर से सामान निकाल ले जा चुके हैं।

# विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक** लोकेन्द्र सिंह आईपीएस के मागदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस टीम ने शनिवार को नारा गांव के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशे का सेवन व्यक्ति के शरीर के लिये तो हानिकारक है ही साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है वह पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने



शुरू कर देतें है। विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है।
उन्होंने कहा नशा शौक से शुरू होकर मौत तक ले जाता है। इससे कई तरह की गंभीर बीमारीयां होती हैं। इससे हमारा परिवार भी परेशान होता है। बीमारी के इलाज में बड़ी रकम खर्च होती है। नशा करने से समाज में इज्जत भी नही रहती। जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो सबसे पहले नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वो लक्ष्य पा सकते है जिसकी हम कल्पना करते है।
आज का युवा अपने मकसद और अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है, क्योकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है।
आज हमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने की जरूरत है। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी स्वयं नशे से दूर रहकर समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें।
उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

# लोकेंद्र सिंह ने मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**मुक्त** अभियान के तहत जिला पुलिस नशा के खिलाफ विशेष मुहिम चलाए हुए। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला के मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक लेकर सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे किसी भी सूरत में प्रतिबंधित नशीली दवाई न बेचें। बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाई या सीरिंज ना दें। पकड़े जाने पर उक्त मेडिकल स्टोर संचालक पर निश्चित रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि जिला पुलिस जहां मादक पदार्थ तस्करों पर



लगातार शिकंजा कस रही है, वहीं अब मेडिकल संचालकों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेंगी। नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में मेडिकल स्टोर संचालक पुलिस का पूर्ण सहयोग कर नशा मुक्त समाज बनाने में अहम भूमिका निभाए। नशे के खिलाफ चलाई मुहिम में मेडिकल स्टोर संचालकों का सहयोग कारगर साबित होगा। यह हम सब की नैतिक जिम्मेदारी भी है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने मेडिकल स्टोर संचालकों से कहा कि यदि कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक किसी प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेच रहे हैं, तो तुरंत प्रभाव से पुलिस को सूचित करें ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही मेडिकल स्टोर पर कोई व्यक्ति नशे की दवाई खरीदने के लिए आता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। ताकि उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सके। कुछ नशेड़ी किस्म के लोग सरिंजों का नशे के प्रयोग में इस्तेमाल करते है। अगर मेडिकल स्टोर संचालक ऐसी बातों पर थोड़ा सा ध्यान दे तो ऐसा होने से रोक सकते हैं। डॉक्टरों की पर्ची के बगैर किसी को दवाई न दे। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने इस दौरान आमजन से भी आह्वान किया है कि वे गांव में स्थित मेडिकल स्टोर संचालकों पर विशेष ध्यान रखें। यदि मेडिकल स्टोर संचालक किसी प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेच रहे हैं, तो तुरंत प्रभाव से पुलिस को सूचित करे ताकि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकें। बैठक में मौजूद मेडिकल स्टोर संचालकों में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस को आश्वस्त किया कि वे नशा मुक्त अभियान में पुलिस का पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे।

**चर्चा**

**किसी प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेच रहे हैं, तो तुरंत प्रभाव से पुलिस को सूचित करे**

## एचएसजीपीसी के चुनावों के लिए कुरुक्षेत्र से 5 वार्डों के लिए दाखिल हुए 40 नामांकन पत्र: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों के लिए 28 दिसंबर शनिवार नामांकन पत्र का अंतिम दिन था। इस शेड्यूल के अनुसार कुरुक्षेत्र के 5 वार्डों के लिए कुल 40 नामांकन पत्र दाखिल हुए है। इसमें वार्ड 13 शाहबाद से 10, वार्ड 12 लाडवा से 10, वार्ड 11 पिहोवा से 5, वार्ड 12 मुर्तजापुर से 9, वार्ड 12 थानेसर से 6 नामांकन पत्र दाखिल हुए है। इन नामांकन पत्रों की छटनी का कार्य 30 दिसंबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र के अंतिम दिन तक वार्ड 12 मुर्तजापुर में चनालहेडी के इंद्रजीत सिंह, चनालहेडी से ही अमरीक कौर, भौर सैंयदा से अमृतपाल, भौर सैंयदा से कर्मजीत कौर, गांव तलहेडी से मनप्रीत सिंह, गांव गुमथला गढु से रिपू धवन सिंह चिम्मा, गांव नैंसी से जवाहर सिंह, गांवट दुनिया माजरा से इकबाल सिंह, गांव ठसका मीराजी से सुरजीत सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वार्ड 11 पिहोवा में गांव स्याणा सैंयदा कुलदीप सिंह, गांव स्याणा सैंयदा से मनजीत कौर, गुरु अमरदास कालोनी से सतपाल सिंह, जुरासी खुर्द से हरबंस सिंह, जुरासी खुर्द से पूर्ण सिंह ने अपना नामांकन पत्र भरा है।
उन्होंने कहा कि वार्ड 13 शाहबाद से मोहल्ला खातरवार से मनजीत सिंह, गांव नगला से गुरजीत सिंह, गांव खरींडवा से सज्जन सिंह, गांव लंडी से हरचरण सिंह, गांव नगला से सुखमीत सिंह, गांव नलवी से बेअंत सिंह, गांव दामली से करतार सिंह, गांव खरींडवा से सज्जन सिंह, गांव नलवी से दीदार सिंह, गांव नगला से कुलवंत सिंह ने नामांकन पत्र भरा है।

## न्यूज फ्लैश

### फोन व रुपये छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने फोन व रुपये छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शेखर उर्फ गुरू निवासी पांची व सत्यवान उर्फ काला निवासी राठधाना का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुजफ्फरनगर यूपी हाल में बैंयापुर खुर्द निवासी शिव ने गत 25 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह पानीपत बस स्टैंड से सोनीपत बस स्टैंड पर आया था। उसके बाद मामा-भांजा चौक से ई-रिक्शा करके घर जा रहा था। करीब दस बजे वह आईटीआई चौक सोनीपत पहुंचा। उसी ई-रिक्शा में बैठे हुए दो लड़क उसे बोस्टल जेल की तरफ ले गए। जहां उसे रिक्शा से नीचे उतार लिया। उसके बाद उससे जबरदस्ती मोबाइल फोन व जेब से 4500 रुपयों की राशि छीन ली। उसके बाद धक्का देकर मौके से फरार हो गए। उसने कुछ दूरी तक उनका पीछा किया, लेकिन दोनों भाग गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक रवि की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से छीना हुआ मोबाइल फोन व वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद कर ली है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### वाहन चालक को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया, मौत

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में केजीपी रोड पर कोहरा होने के चलते आगे चल रही गाड़ी में कार टकरा गई। कार में हुए नुकसान को देखने के लिए चालक नीचे उतरा तो उसे अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हापुड़ यूपी निवासी प्रवीन शर्मा ने बताया कि उसका भाई नितिन शर्मा (36) टैक्सी चलाता था। वह सुबह केजीपी रोड पर यूपी की तरफ से कुंडली जा रहा था। सुबह करीब 8.30 बजे कोहरा होने के चलते उसकी गाड़ी अज्ञात वाहन से टकरा गई। वह अपनी गाड़ी में हुए नुकसान को देखने के लिए गाड़ी के नीचे उतर गया। बागपत की तरफ से किसी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं टक्कर लगने से गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई युद्धवीर ने बताया कि मृतक के भाई के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वाहन चालक की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द वाहन चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। वहीं पबसरा निवासी मनोज ने बताया कि वह वह टीडीआई मॉल के पास नौकरी करता है। गत 2 नवंबर को अज्ञात वाहन ने पानीपत-दिल्ली रोड पर अज्ञात व्यक्ति को चपेट में ले लिया। उसे उपचार के लिए पीजीआई लेकर जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इस संबंध में उसे जानकारी नहीं थी कि परिजनों ने कोई कार्यवाही नहीं की है। अब मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# सोसायटी पंजीकरण व ऋण योजनाओं को लेकर आमजन ने दिखाया उत्साह

## कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के आह्वान पर तीसरे दिन स्टालों पर पहुंचे लोग

**आत्मनिर्भर**

**डॉ अरविंद शर्मा ने जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के किसान, महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़कर अपना स्वरोजगार जोड़ने के मकसद के साथ चलाया जा रहा तीन दिवसीय जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान शनिवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान आमजन में सबसे ज्यादा सोसायटी पंजीकरण, डेयरीफैड, हैफेड योजनाओं व विभिन्न बैंकों की ऋण योजनाओं को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वीरवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गोहाना के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया था। वहां पहुंचे हजारों के जनसमूह को देखते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने अभियान को दो दिन अतिरिक्त शनिवार तक बढ़ाने की घोषणा की थी। शुक्रवार व शनिवार को बारिश से प्रभावित जागरूकता अभियान को स्टेडियम के हाल में संचालित किया गया। जहां अभियान के नोडल अधिकारी सतीश रोहिल्ला व सहायक रजिस्ट्रार प्रशांत शर्मा ने व्यवस्थाओं को सम्भाले रखा। जागरूकता अभियान के तीसरे दिन सहकारी समितियों के स्टाल पर औद्योगिक सहकारी समिति व श्रम व निर्माण सहकारी समितियों के पंजीकरण को लेकर 50 के करीब पूछताछ हुई। इसकी विस्तार से जानकारी देते हुए सहायक रजिस्ट्रार प्रशांत शर्मा ने सभी जरूरी दस्तावेज के बारे में बताया और सोसायटी पंजीकरण की आगामी प्रक्रिया से भी अवगत कराया। बॉक्स वीटा गृहणी और वीटा दुकानों को लेकर दिखा उत्साह डेयरीफैड के वीटा स्टाल पर लोगों द्वारा वीटा बूथ लेने, वीटा दुकान शुरू करने व वीटा गृहणी योजना की जानकारी ली गई। सहायक अमित शर्मा ने बताया कि वीटा बूथ को लेकर 15, वीटा दुकान को लेकर 20 व वीटा गृहणी योजना को लेकर 65 के करीब पूछताछ आई है। उन्हें शीघ्र ही विस्तार से जानकारी देते हुए आगे की प्रक्रिया करवाई जाएगी। बॉक्स हैफेड की डीलरशिप को लेकर 35 लोगों को दी गई जानकारी हैफेड स्टाल पर सहायक विपणन अधिकारी अमित के पास 35 लोगों ने पहुंचकर हैफेड उत्पादों की डीलरशिप लेने को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इसके माध्यम से होने वाले लाभ की जानकारी भी प्राप्त की। यही नहीं वर्तमान में हैफेड उत्पाद कहां-कहां उपलब्ध रहेंगे, इसको लेकर भी आमजन में उत्सुकता रही। बॉक्स गन्ने की उन्नत किस्मों व टिश्यू कल्चर पौध में रहा किसानों का रुझान चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल, आहुलाना के स्टाल पर किसानों का रुझान गन्ने की उन्नत किस्मों व टिश्यू कल्चर पौध की जानकारी लेने पर ज्यादा रहा। गन्ना विकास निरीक्षक संजय मलिक ने किसानों को बताया कि गन्ना की उन्नत किस्म से जहां वो अपनी पैदावार में बढ़ोतरी कर सकते हैं, वहीं टिश्यू कल्चर पौध लगाने से बीमारी रहित गन्ना उत्पादन कर सकते हैं।

## मुरलीधर डीएवी में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंबाला शहर में 28 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक चलने वाले 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 12 के 50 विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम अधिकारी अलका सैनी, सुनीता गर्ग, सोनिया, कौल, लवदीप पम्मा, जगतार सिंह और संदीप ने भाग लिया। इसका उद्घाटन विजय कुमार, जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, अंबाला ने किया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. आर.आर. सूरी ने अतिथियों का ओम पट से स्वागत किया और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। अपने भाषण में अतिथि विजय कुमार ने पूरे वर्ष एनएसएस गतिविधियों में भाग लेने के लिए हमारी एनएसएस स्वयंसेवक सुश्री जैनिस की सराहना की। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को शिविर में पूरे मन से भाग लेने और पूरे जोश के साथ समुदाय की सेवा के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। शिविर की शुरूआत लक्ष्य गान के गायन से हुई

**सराहना की**

**एनएसएस गतिविधियों में भाग लेने के लिए हमारी एनएसएस स्वयंसेवक जैनिस की सराहना की**

## ग्रामीण क्षेत्र में सरपंचों के साथ मिलकर विकास कार्यो व मामलों को देखेंगे ग्राम सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: प्रदेश** में ग्राम सचिव-1 व सचिव-2 की पदोन्नति होने के चलते नवनियुक्त ग्राम सचिवों को ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों व पंचायतों के कार्यों का पदभार सौंपा गया है। नवनियुक्त ग्राम सचिव गांव की सरकार के साथ मिलकर विकास कार्यो में अपनी भूमिका निभायेगें। विभाग की तरफ से मिले आदेशों के अनुसार ग्राम सचिवों को पंचायतों का कार्यभार सौंप दिया गया है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र में विकास की गति धीमी न पड़े। बता दें के सोनीपत ब्लॉक में कुल 45 पंचायते है। कई गांवों की दो पंचायतें भी है। विभाग की तरफ से ग्राम सचिवों के पास पांच-पांच पंचायतों का कार्य भार होता था। हाल के दिनों में प्रदेश सरकार की तरफ से जारी की गई सरकारी नौकरी के रिजल्ट में ग्राम सचिव भी लगे है। वहीं ग्राम सचिव-1 व ग्राम सचिव-2 को पदोन्नति कर दिया गया है। जिसके चलते सरपंच के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्र में विकास की प्रक्रिया धीमी होने लगी थी। सरकार की तरफ से नव नियुक्त ग्राम सचिवों को ग्रामीण क्षेत्र में विकास की प्रक्रिया को तेज करने के लिए कार्यभार सौंपने का काम किया है।

## सफल इलाज: 8 घंटे की मैराथन सर्जरी कर निकाला गया ओवेरियन ट्यूमर

**सफल सर्जरी**

**49 वर्षीय मरीज से 26*15 सेमी साइज और 5.5 किलो का रिकरेंट ग्रैनुलोसा सेल ट्यूमर निकाला**




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शालीमार बाग (नई दिल्ली) के डॉक्टरों ने 8 घंटे की मैराथन सर्जरी के जरिए 49 वर्षीय मरीज से 26*15 सेमी साइज और 5.5 किलो का रिकरेंट ग्रैनुलोसा सेल ट्यूमर निकाला. इस सफल सर्जरी से मरीज को एक नया जीवन मिला. मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग में ऑन्कोलॉजी विभाग के एचओडी और वाइस चेयरमैन और रोबोटिक सर्जरी चीफ डॉक्टर सुरेंद्र डबास के नेतृत्व में ये सर्जरी की गई. डॉक्टर डबास के साथ मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर पंकज कुमार पांडे और सर्जिकल गायनेकोलॉजी की कंसल्टेंट डॉक्टर अलका दहिया रहे। मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग में ऑन्कोलॉजी विभाग के एचओडी और वाइस चेयरमैन और रोबोटिक सर्जरी चीफ डॉक्टर सुरेंद्र डबास ने इस केस की चुनौतियों में बारे में जानकारी देते हुए कहा, "मल्टी डिसिप्लिनरी टीम ने मरीज की बेहतर रिकवरी और दीर्घकालिक प्रोग्नोसिस सुनिश्चित करने के लिए ट्यूमर हटाने के लिए सर्जरी की बात पर जोर दिया. पूरी तरह से प्रीऑपरेटिव आकलन और एनेस्थीसिया क्लीयरेंस के बाद ट्यूमर हटाने की सर्जरी की गई. सर्जरी 7-8 घंटे तक चली. ट्यूमर आसपास के अंगों से घिरा था, इसके बावजूद ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटा दिया गया." मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग में सर्जिकल गायनेकोलॉजी की कंसल्टेंट डॉक्टर अलका दहिया ने बताया, "मरीज के लिए बेहतर रिजल्ट लाने के लिए व्यक्तिगत तौर पर मरीज की देखभाल और एक्सपर्ट सर्जिकल टीम की भूमिका काफी अहम होती है. मरीज को लंबे समय तक राहत देने के लिए ट्यूमर को पूरी तरह से निकालना ही महत्वपूर्ण होता है और इस केस में भी सर्जरी के दौरान यही फॉलो किया गया." मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर सज्जन राजपुरोहित ने कहा, "सर्जरी के बाद मरीज ने बहुत अच्छी रिकवरी की और 7वें दिन अच्छी कंडीशन मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया. वो इसके बाद फॉलो-अप पर आती रहीं और उनकी कंडीशन को बेहतर करने के लिए टीम ने हार्मोन थेरेपी पर रखा. अभी वो स्वस्थ और खुश हैं, धीरे-धीरे नॉर्मल हो रही हैं।

# आशा एक प्रयास संस्था की ओर से भाषण प्रतियोगिता आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** बाल शहीद दिवस के उपलक्ष में आशा एक प्रयास संस्था एवं इनर व्हील क्लब की संयुक्त तत्वाधान में गवर्नमेंट संस्कृति सीनियर मॉडल स्कूल पुलिस लाइन में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी हरपाल सिंह कंबोज रहे। संस्था के प्रधान प्रेम भाटिया ने विद्यालय प्रिंसिपल गुरिंदर सिंह और हरपाल सिंह कंबोज को ममोंटो देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 12 से 13 स्कूलों के 25 बच्चों ने भाग लिया तथा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादो के बलिदान के विषय पर भाषण प्रस्तुत किया गया । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर आशा एक प्रयास के संरक्षक ब्रिगेडियर जनेश खेड़ा ,प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप स्नेही ,डॉक्टर यू डी शर्मा ,संस्था के प्रधान प्रेम भाटिया व वरिष्ठ उप प्रधान ,अजय कुमार बख्शी एवं टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे तथा इनर वीर क्लब की प्रधान सीमा बिमरा भी इस कार्यक्रम में मौजूद रही।
सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ वीर बाल शहीदों को नमन किया । कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**विचार रखें**

**25 बच्चों ने भाग लिया तथा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादो के बलिदान के विषय पर भाषण दिया**

# वाहन चालक ने साइड नहीं दी तो कार में सवार महिला व युवकों ने कर दी पिटाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में बंदेपुर के पास सड़क मार्ग पर साइड न देना वाहन चालक को महंगा पड़ गया। पीछे साइड मांग रहे कार सवार युवकों व महिलाओं ने वाहन चालक की पिटाई कर दी। मारपीट में घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपित कार चालक सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बैंयापुर खुर्द निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि वह अपनी गाड़ी (छोटा हाथी) चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। वह गत 25 दिसंबर को घर से गुरुग्राम के लिए जा रहा था। गांव बंदेपुर के पास पहुंचा। उसी दौरान पीछे से आ रहे कार चालक ने अपनी गाड़ी को उसकी गाड़ी के आगे अड़ा दिया। उसके बाद कार से दो युवक व दो महिलाएं उतरकर आई। उसे साइड न देने का बहाना बनाकर मारपीट करना शुरू कर दिया। झगड़ा देख राहगीरों ने उसे छुड़वाया। उसके बाद महिलाएं व चालक सहित अन्य उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचा।

**महंगा पड़ा**

**मारपीट में घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया**

## महिला घर से लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: मुरथल** गांव से रात के समय संदिग्ध हालत में महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। मुरथल थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। गांव मुरथल निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी गत 23 दिसंबर को रात करीब साढ़े बारह बजे घर पर नहीं मिली। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जानकारी मिली है कि महिला दो-तीन बार पहले भी घर से जा चुकी है।

# छुट्टी में बच्चो लेंगे परिवार की पिछली पीढ़ियों की जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सरकारी और निजी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश 1 जनवरी से होने जा रहे हैं। विद्यार्थियों के अवकाश को लेकर शिक्षा विभाग ने होम वर्क जारी कर दिया है। बालवाटिका से लेकर कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लेखन और रटने की जगह अनुभव आधारित पढ़ाई पर रहेगा। छुट्टियों में विद्यार्थी परिवार की पिछली पीढियों की जानकारी लेंगे। खान-पान और पहनावे के बारे में जानेंगे। ये ही नहीं मोबाइल से दूर रखने के लिए विद्यार्थियों से घरेलू कार्य करवाए जाएंगे। इस बारे बाकायदा अभिभावकों के साथ अध्यापकों ने आज पीटीएम कर उन्हें जानकारी भी दी यही नहीं बच्चों और अभिभावकों के साथ मटका और नींबू दौड़ जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गई।
अधिकारियों की माने तो इससे विद्यार्थियों में पढ़ने-लिखने, गणना आदि कौशल बढ़ेगा। परिवार के सदस्यों से जोड़कर बनाई गई गतिविधियां मोबाइल और टेलीविजन से दूर करके अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करेगी। शीतकालीन अवकाश में विद्यार्थी लेखन या रटने की जगह अनुभव पर जोर दें, इसको लेकर हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की तरफ से शेड्यूल जारी किया गया है। शिक्षकों को निर्देश दे दिए हैं। शिक्षकों ने शनिवार को हुई पीटीएम में बच्चों और अभिभावकों के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के साथ साथ अभिभावकों को इस बारे पूरी जानकारी दे दी है।

**निर्देश**

**कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लेखन और रटने की जगह अनुभव आधारित पढ़ाई पर रहेगा**

# पांच महिलाएं वह एक पुरुष प्रभु को रेस्क्यू कर अपना घर आश्रम भेजा




**सोनीपत/रिंकू**
**समाज** कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा चलाई जा रही मुहिम को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग जगह से पांच महिलाएं वह एक पुरुष प्रभु को रेस्क्यू कर अपना घर आश्रम भेजा गया। इसमें 218 वी महिला गांव सलीम सर माजरा से 112 पर कॉल आई जिसके बाद सदर थाने में उसे भेजा गया सदर थाने से ढरकपूजा ने उसका मेडिकल करवाया और उसके बाद बुढपुर अपना घर आश्रम से एंबुलेंस बुलाकर उसको रवाना किया गया। इसी प्रकार 219 वी महिला प्रभु गांव हरसाना से 112 पर कॉल आने के उपरांत उसको भी सदर थाना के हवाले किया गया वहा से फिर ढरकपुजा ने सिविल अस्पताल से उसका मेडिकल कराया गया। ढरकपुजा ने रात करीब 11 बजे उस प्रभू महिला को वन स्टॉप सेंटर में एडमिट कराया। जहां से अगले दिन उसको सुबह बुढ पुर अपनाधर आश्रम भेजा गया। 220 वी महिला प्रभु जो कि सिविल लाइन थाने के एरिया में 112 की कॉल पर प्राप्त की गई उसको भी सब इंस्पेक्टर सोनिया ने सिविल अस्पताल मे करीब रात को 11:00 बजे तक उसका मेडिकल करा कर वन स्टाफ सेंटर छोड़ा वह उसको भी अगले दिन बूढ़पुर अपना घर से एंबुलेंस बुलाई गई जिसे वह लेकर अपना घर आश्रम भेजी गई 221 में महिला जो की सब इंस्पेक्टर लाल सिंह ने सुबह-सुबह कोर्ट कॉम्प्लेक्स के पास बडी ही दयनीय हालत मे उसे देखा और उसको रेस्क्यू करने में ममता सरोहा ने आकर 112 पर कॉल की उसके बाद उसको कोर्ट कॉम्प्लेक्स चोकी के माधयम से महिला कांस्टेबल ने ममता सरोहा के साथ उस महिला प्रभु का मेडिकल कार्रवाई कर के उसको भी अपना घर बुढपुल आश्रम भेजा गया इसी प्रकार 222 वी महिला जो महलाना रोड तिरंगा चौक के पास घूम रही थी उसको भी 112 पर फोन करके और सिटी थाने में उस महिला प्रभु को भेजा गया इसके उपरांत अरकरविता ने ममता सरोहा के साथ जा कर उस महिला का मेडिकल कराया और उसके बाद उसको भी अपना घर आश्रम भेजा गया 223 में प्रभु जो कि शहर में घूम रहा था लावारिस हालत में उसको भी रेसकयू कर पुलिह थाने से फोरमेलिटी करवा कर अपना घर आश्रम पुठ खुर्द दिल्ली भेजा गया ईस अवसर पर समाज कल्याण शिक्षा समिति के सचिव राहुल गलिया ने बताया कि संस्था द्वारा कहीं पर भी इस तरह के परभूजन मिलते हैं तो उनको रिस्कयू कर अपना घर आश्रम भेजा जाता है संस्था द्वारा अब तक इनकी संख्या 223 हो चुकी है।

**सेवा**

**संस्था द्वारा कहीं पर भी इस तरह के परभूजन मिलते हैं तो उनको रिस्कयू कर अपना घर आश्रम भेजा जाता है**

# गौशाला कमेटी के सदस्य से कार लूटने का प्रयास, पीट-पीटकर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव थरिया-शहजादपुर सड़क मार्ग पर गौशाला के सदस्य का रास्ता रोककर कार छीनने व उसके साथ मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। बदमाश पीछे से वाहन आता देख कार की चाबी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बदमाश पहले भी रास्ते पर वारदात को अंजाम दे चुके है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग की है। गांव सांदल कलां निवासी हुकुमचंद ने बताया कि वह गन्नौर गौशाला कमेटी का सदस्य है। गत 25 दिसंबर को वह देर शाम अपनी कार में गांव थरिया होते हुए अपने गांव जा रहा था। थरिया से कुछ आगे शहजादपुर रोड पर पहुंचा। उसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार तीन युवक आए। उन्होंने अपनी बाइक कार के आगे अड़ा दी। उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। किसी तरह वह अपनी गाड़ी को भगाने का प्रयास करने लगा। तो एक लड़के ने गाड़ी की चाबी को निकाल लिया। उसके बाद गाड़ी लूटने का प्रयास किया। पीछे से वाहन को आते देख गाड़ी की चाबी लेकर मौके से फरार हो गए। उसके मुंह, नाक से खून आने लगा। राहगीर की मदद से परिवार के सदस्यों व पुलिस को अवगत करवाया। परिजन उसे नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे।

**मुकदमा**

**पीड़ित ने मामले को लेकर शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया**

# पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल को जॉब सिक्योरिटी हेतु ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की इकाई के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने डॉ. बनवारी लाल पूर्व कैबिनेट मत्री हरियाणा सरकार को कुरूक्षेत्र में विश्वविद्यालयों के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियमित होने तक जॉब सिक्योरिटी हेतु ज्ञापन सौंपा।

डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि शीतकालीन विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री ने बोला है कि आप सभी यूनिवर्सिटी के अनुबंधित असिस्टेंट



प्रोफेसरों का कॉलेज के एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह सेवा सुरक्षा नियमानुसार करेंगे और नए वर्ष 2025 में नायाब तोहफा देंगे। उन्होंने आश्वाशन दिया कि रोजगार सुरक्षित होने तक आप किसी भी अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर का रोजगार नहीं जाने देंगे। हुकटा की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की इकाई की ओर मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री कैलाश सैनी जी का और बीजेपी सरकार का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विश्वविद्यालयों के

**नियमानुसार**

**अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों का कॉलेज के एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह सेवा सुरक्षा नियमानुसार करेंगे**

अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों से भी यह रोजगार सेवा गारंटी प्रदान करने का वायदा किया और अब मीडिया के माध्यम से सहायक प्राध्यापकों को प्रदेश की नॉन-स्टॉप सरकार की नववर्ष पर नायाब सौगात अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों की नौकरी कॉलेज के एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह सेवा सुरक्षा देने के लिए कहा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की इकाई ने बताया कि हमारा चयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा निर्धारित सभी पात्रता शर्तों एवं चयन प्रक्रिया के मापदंड जैसे विज्ञापन तथा गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार इत्यादि को पूर्ण करके विधि सम्मत ही किया गया है और हम में से ही बहुत से अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर लंबे समय से नियमित होने तक सेवा सुरक्षा की प्रतीक्षा करते हुए भर्ती में अपने आवेदन करने की आयु सीमा को भी पार चुके हैं।

# स्वयंसवकों को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम और नशे के खतरों से किया सतर्क

**चर्चा**

**साथ ही, बलबीर (सब-इंस्पेक्टर, बाबैन) ने सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम और नशे के खतरों पर चर्चा की।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) कैंप के दूसरे दिन की शुरूआत विद्यालय इंचार्ज श्री राजेश कुमार के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने जोश और उत्साह के साथ लक्ष्य गीत गाया। इस अवसर पर विशेष अतिथि रविंद्र ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को तन, मन और धन से समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने की प्रेरणा दी। साथ ही, बलबीर (सब-इंस्पेक्टर, बाबैन) ने सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम और नशे के खतरों पर चर्चा की। उन्होंने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी संस्कृत प्राध्यापक श्री सुखदेव ने जानकारी दी कि इस कैंप में विद्यालय के लगभग 55 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैंप के दौरान भोजन, जलपान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद गतिविधियां, और स्वच्छता अभियानों जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सीखने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राध्यापक मनीष, विकास, रमेश, गुरमीत, सुमित, संजीव, सीमा, पूनम और सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते है। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पहले साइबर फ्रॉड की सूचना के लिए 155260 हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उपरोक्त नंबर की जगह 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बढि?ा ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ित को त्वरित सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट साइबरक्राइमडॉटजीओवीडॉटइन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

### युवक ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**



**पानीपत की** एक कॉलोनी में 19 वर्षीय युवक ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड करने से पहले युवक ने अपनी मां के नाम माफी मांगने वाला पंजाबी सिंगर स्व. सिद्धू मुसेवाला के गाने का स्टेट्स लगाया। इसके बाद उसने अपनी प्रेमिका से देर रात तक सोशल मीडिया पर बात की।

उसे सुसाइड करने की बात बताई। जिसके बाद प्रेमिका उसे मैसेज के जरिए ऐसा न करने को कहती रही। सुबह परिजनों को युवक उसका शव फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को फंदे पर नीचे उतवाया और सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां उसका पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मामला ज्योति कॉलोनी का है। जहां 19 साल का युवक अनुराग किराए के कमरे में रहता था। वह यहां पिछले करीब 4 साल से रह रहा है और एक कंपनी में पल्लेदारी का काम करता था। उसके साथ उसका बड़ा भाई भी रहता था। जोकि शुक्रवार रात को नाइट शिफ्ट पर फैक्ट्री में गया हुआ था। अनुराग के सुमन नाम की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग थे। उसने शुक्रवार दिन के समय अपने इंस्टाग्राम पर पंजाबी सिंगर स्व. सिद्धू मुसेवाला के गाने का स्टेटस लगाया। जिसमें वह अपनी मां से माफी मांग रहा है। दिन भर से प्रेमिका को बताया कि आज उसका इस दुनिया में आखिरी दिन है।

वह सुसाइड कर लेगा। वह टूट चुका है। देर रात तक प्रेमिका से कभी मैसेज, तो कभी कॉल के जरिए उसकी बात होती रही। रात को फिर उसे प्रेमिका से 5 मिनट कॉल पर बात की। इसके बाद उसे उसी के दुपट्टा से फंदा लगाया और फांसी पर झूल गया।

# एलएलएफ के स्थापना दिवस पर हुआ खेल मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र जिले के प्रथम फेज के दूसरे चरण में 13 बालवाटिका राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत खेल मेले का आयोजन किया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार कौशिक जी के मार्गदर्शन और खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, रामराज शर्मा एवं श्याम सुंदर आहूजा के सहयोग से इन दिनों को खास बनाने के उद्देश्य से बाल वाटिका-3 से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चों को भागीदारी करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्कूल मुखिया कांता देवी, ने सभी बच्चों को लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन



के बारे में बताया कि यह संस्था हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है और सभी स्कूलों में अकादमिक सहायता प्रदान करती है। संस्था द्वारा समय-समय पर शिक्षक प्रशिक्षक और टीएलएम उपलब्ध करवाया गया है जो कि बच्चों को सीखने के लिए बहुत उपयोगी है। इस मेले में बाल वाटिका में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया इसी के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय लालपुर बस्ती में खेल मेला आयोजित किया गया जिसमें ब्लॉक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक एलएलएफ की तरफ से कार्यक्रम समन्वयक दिलीप शर्मा ने खेल मेले में भागीदारी की तथा

**आयोजित**

**स्कूल मुखिया कांता देवी, ने सभी बच्चों को लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के बारे में बताया**

खेल मेले के उद्देश्यों के बारे में अभिभावकों को ठीक से बताया गया। बच्चों ने आज की योजना के अनुसार गतिविधियों में भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से रंगोली बनाना ,विभिन्न प्रकार के खेल खेलना तथा बालवाटिका में इंचार्ज नारायण दत्त व शिक्षक बलबीर सिंह द्वारा किस प्रकार बालवाटिका में काम किया जाता है उसको करके बताया गया है।

# गुरुद्वारा में सुखमणि साहब के किए गए पाठ



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

समालखा गुरूद्वारा गुरु गोविंद सिंह समालखा में गुरु गोविंद सिंह के चारों बेटों के शहीदीयो की याद में रुपिंदर कौर मनप्रीत कौर दोनों बहनों ने शब्द कीर्तन करके संगत को निहाल किया । संगत ने बड़ी श्रद्धा से सुखमनी साहिब के पाठ किए गए उपरांत प्रधान गौपाल सिंह हीरा सिंह राजवीर सिंह विक्रम सिंह बहन सरबजीत कौर बहन रुबी और समस्त संगत द्वारा अटूट लंगर वरताया गया।

# सादगी के प्रतीक थे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह: रावल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कोषाध्यक्ष हरियाणा के अफसर रावल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन अर्थशास्त्री, दूरदर्शी सोच के साथ-साथ डॉ मनमोहन सिंह सादगी के प्रतीक थे।

आज यहां जारी बयान के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हुए अफसर रावल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन के समाचार से मन द्रवित है। वो अर्थशास्त्री होने के साथ दूरदर्शी नेता और सादगी के प्रतीक थे। उनका जाना भारतीय राजनीति



के लिए अपूरणीय उनके सेवाभावी कार्यों से कारण पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह सदैव हमारी स्मृतियों में रहेंगे। उन्होंने उनके परिवार तथा प्रशंसकों को इस दुख को सहने करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# वीर बाल दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** महंत वंशी पुरी जी महाराज के सानिध्य में प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र में तृतीय वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन हुआ। प्राचार्य भजन राठोर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्राचार्य ने सभी बच्चों को विस्तार से बताया कि किस प्रकार धर्म की रक्षा हेतू गुरु गोविन्द सिंह जी के पूरे परिवार का बलिदान हुआ। हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर के पोतों साहिबजादा जोरावर सिंह व फतेह सिंह को जिंदा ही दीवार मे चिनवा कर जुल्म व अत्याचार की हदें पार कर दी गई। उन्होंने बहादुर साहिबजादों को



श्रद्धांजलि देते हुए कातिलों को कायर बताया। राठोर ने आगे बताया कि शिक्षा विभाग के प्रोग्राम के तहत वीर बाल दिवस सप्ताह मनाते हुए बच्चों के विभिन्न कक्षावर्गो में निबंध लेखन की प्रतियोगिता करवाई गई।अंत में , चालक दल के सदस्यों बलजिंदर सिंह, जगतार सिंह व नरेश कुमार ने सहयोग राशि से सभी बच्चों को चाय व बिस्कुट का प्रशाद पान करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद थे।

# फतेहाबाद पुलिस ने दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद किया 132 किलो गांजा

**फतेहाबाद।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशे के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए गांजे की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 132 किलो गांजा बरामद किया है। यह गांजा हिसार, फतेहाबाद, सिरसा व अन्य जिलों में सप्लाई किया जाना था। इस मामले में पुलिस दो युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसकी निशानदेही पर यह बरामदगी की गई है। बता दें कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा की टीम ने 24 दिसंबर को फतेहाबाद के बड़ोपल गांव के पास नेशनल हाइवे स्थित टॉप फैमिली ढाबा से कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 25 किलोग्राम गांजा बरामद किया था।

# झांसे में लेकर नौ लाख रुपये की राशि ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगी का एक और नया तरीका अपनाकर ठगों ने युवक से डिजिटल अरेस्ट की तरह झांसे में लेकर नौ लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित को दो दिन तक वीडियो कॉल पर रखा गया। पीड़ित को डराया गया कि उनका फर्जी आधार कार्ड बना करोड़ों की ट्रांजेक्शन की गई है। ठगी का अहसास होने पर पुलिस को अवगत कराया। कुंडली स्थित टीडीआई सिटी निवासी सुनील शर्मा ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि 12 दिसंबर की सुबह करीब दस बजे उनके पास कॉल आई थी। दूसरी तरफ से बात कर

**डिजिटल अरेस्ट**

**एचडीएफसी बैंक खाता से 13 दिसंबर को 9 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर करा ली गई**

रहे युवक ने कहा कि तुम्हारे आधार कार्ड नंबर का दूसरा आदमी दुरुपयोग कर रहा है। उसने तुम्हारे फर्जी आधार कार्ड पर मोबाइल सिम कार्ड निकलवाया है। जिसके बाद उस मोबाइल नंबर से मुंबई की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में खाता खुलवाया गया। बाद में लोगों को डरा कर उस बैंक खाते में करोड़ों रुपये डलवाए गए हैं। साइबर ठग ने खुद ही कहा कि वह साइबर अपराध मुख्यालय में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाएं। उसने कहा कि आपकी कॉल साइबर अपराध शाखा को डायवर्ट की जा रही है।

**कई फर्जी अधिकारियों को कॉल पर जोड़ा-** पीड़ित का कहना है कि बाद में उन्हें टेलीग्राम पर वीडियो कॉल पर बयान दर्ज करवाने को कहा गया। उसके बाद उन्होंने सीबीआई, स्थानीय पुलिस, आरबीआई और दिल्ली न्यायिक खजाना अधिकारी बताकर फर्जी अधिकारियों को भी वीडियो कॉल पर जोड़ लिया। सीबीआई, पुलिस, आरबीआई व अन्य विभागों की ओर से पत्र दिखाए गए। जिससे वह बुरी तरह डर गए।

**वीडियो कॉल डिस्कनेक्ट करने से किया मना-** पीड़ित का आरोप है कि उन्हें उनके नाम से विभिन्न विभागों के पत्र दिखाकर डराने के साथ उसका वीडियो कॉल काटने (डिस्कनेक्ट) को मना किया गया। उनके मोबाइल स्क्रीन पर भी मुंबई साइबर क्राइम लिखा हुआ चलने लगा। उनको अगले दिन भी वीडियो कॉल पर जोड़ कर रखा गया।

अलग-अलग विभाग के लोगों ने उन्हें डराया। उनके एचडीएफसी बैंक खाता से 13 दिसंबर को 9 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर करा ली गई। उसके बाद वीडियो कॉल काट दी गई।

# नशे के विरुद्ध प्रतियोगिता हुई आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र**/इस्माईलाबाद जकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद (2400) में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत गाकर शुभारंभ किया। स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर हवा सिंह के मार्गदर्शन में नशे के खिलाफ प्रतियोगिता आयोजित की ।इसमें अमरजोत,हरमनप्रीत,मुस्कान बाजवा,अंजली और रमनप्रीत कौर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमांशी ने मौलिक अधिकारी पर विस्तृत रूप अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

# भारतीय कृषि उद्योगों के सामने चुनौतियों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित भारतीय आर्थिक संघ (आईईए) के 107 वें वार्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन सतत, विकसित और आत्मनिर्भर भारत विषय पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश के जाने-माने अर्थशास्त्री, विद्वान और नीति निमार्ता शामिल हुए, जिन्होंने भारत में आत्मनिर्भर और सतत आर्थिक विकास की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन भारत की विकास यात्रा के प्रमुख पहलुओं पर केंद्रित रहा, जो आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास लक्ष्यों की दृष्टि के अनुरूप है। संयुक्त राष्ट्र एस्काप (एशिया



और प्रशांत क्षेत्र के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग) दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया के उप प्रमुख और वरिष्ठ आर्थिक मामलों के अधिकारी डॉ. राजन सुदेश रत्ना की अध्यक्षता में आयोजित नीतिगत परिचर्चा में आत्मनिर्भर भारत सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उत्प्रेरक विषय पर वैश्विक और राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया। प्रो. कौस्तुव दलाल, डॉ. सुनील कुमार, प्रो. शाहिद अहमद सहित प्रतिष्ठित पैनलिस्टों ने भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ाने और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों(एसडीजी) के साथ इसके

**सतत**

**इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश के जाने-माने अर्थशास्त्री, विद्वान और नीति निर्माता शामिल हुए**

संरेखण की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

सत्र में स्वास्थ्य अर्थशास्त्र, वित्तीय नीतियों और सतत विकास के लिए नवीन समाधानों पर चर्चा की। दूसरे दिन तकनीकी सत्रों में सतत कृषि, भारतीय उद्योगों के समक्ष समकालीन चुनौतियां और भारत का जनसांख्यिकीय विकास जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रो. टी.एन. साहू, डॉ. श्याम सुंदर सिंह चौहान और प्रो. बी.पी. वीरभद्रप्पा जैसे विद्वानों ने इन सत्रों की अध्यक्षता की, जिसमें कृषि परिवर्तन, औद्योगिक गतिशीलता और देश की जनसांख्यिकीय क्षमता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। डॉ. राजकमल रॉय, डॉ. अन्नपूर्णा दीक्षित सहित अन्य विशेषज्ञों के योगदान से जीवंत चर्चा में उल्लेखनीय अंतर्दृष्टि सामने आई। राजकोषीय और मौद्रिक नीति चुनौतियों पर समानांतर चचाओं में, डॉ. एस.एस. सोमरा और प्रो. दिनेश कुमार जैसे विशेषज्ञों की अध्यक्षता में भारत के सामने मौजूदा आर्थिक बाधाओं पर मंथन किया गया।

# निवेश का झांसा देकर छात्रा से एक लाख रुपये की राशि ठगने की वारदात

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: साइबर** थाना सेक्टर-23 सोनीपत ने निवेश का झांसा देकर एक लाख रुपये की राशि ठगने के चार आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित सुरज निवासी पटना बिहार हाल में नोयडा, हिमांशु, साजिद, गौतम निवासी गाजियाबाद के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। दिल्ली हाल में जीवीएम कॉलेज निवासी अराधना ने गत 28 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह जीवीएम कॉलेज में कॉलेज ऑफ फामेर्सी की छात्रा है। गत 24 अक्टूबर को उसके एक संदेश आया। खुद को गूगल का एचआर होना बताया। उसके पास उसका टेलीग्राम पर अकाउंट बनाया गया। उसे एक क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर मुनाफा देने का लालच दिया गया। उसने अपने व दोस्त से रुपये लेकर यूपीआई से अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। उसे धोखाधड़ी के बारे में पता चला। उसके बाद परिजनों को अवगत करवाया। मामले की शिकायत पुलिस को दी। मामले को साइबर थाना पुलिस के पास भेजा गया है। सहायक उप निरीक्षक नवदीप की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

**सफलता**

**मामले की शिकायत पुलिस को दी। मामले को साइबर थाना पुलिस के पास भेजा गया है**




# डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी ने किया क्षेत्र का दौरा







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: संगम पार्क वार्ड के अन्तर्गत आने** वाले ओम नगर इलाके में केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी ने दौरा किया और वहां पर जो भी लोगों की सस्याएं थी उसका समाधान करवाया। निगम पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि यहां पर लोगों की जलभराव की समस्या थी, उसे जल्द ही दूर किया जायेगा। निगम पार्षद सुशील जोंटी ने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है,उसका समाधान किया जा रहा है। ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि निगम के द्वारा क्षेत्र में कई प्रकार के अभियान चलाये जा रहे है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि क्षेत्र में नियमित रूप में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव भी करवाया जा रहा है।

# राजधानी दिल्ली में थोड़ी सी बारिश में जलभराव से लोग परेशान: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से दिल्ली में जलभराव की समस्या पर जवाब मांगा है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली में थोड़ी-सी बारिश होते ही जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था का माहौल बन जाता है। यह स्थिति आम दिल्लीवासियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है।

**कहां गई केजरीवाल की गारंटी:** थान सिंह यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि आप सरकार समय-समय पर नई योजनाओं और गारंटियों की घोषणा करती है, लेकिन पुरानी योजनाओं और वादों का क्या हुआ? उन्होंने याद दिलाया कि आप सरकार ने हाउस टैक्स माफ करने, दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने, यमुना नदी को साफ करने और उसमें डुबकी लगाने जैसी कई गारंटियों की बात की थी।

# लोक-लुभावने व झूठे वायदे करने में आगे है आम आदमी पार्टी: सत्यपाल शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल विधानसभा चुनाव जीतने के लिए नित्य नये-नये लोक लुभावने व झूठे वायदे किये जा रहे है। महिला सम्मान योजना, संजीवनी स्वास्थ्य योजना, 24 घंटे पानी आपूर्ति आदि घोषणाओं के धरातल पर पूरी होने की सम्भावनाएं नहीं के बराबर है। उक्त बातें जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि दिल्ली में पानी की आपूर्ति हो नहीं पा रही, उस पर 24 घंटे आपूर्ति का सगूफा छोड़ दिया है। महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने आगे कहा कि संजीवनी योजना अभी सरकार ने अधिकृत रूप से मंजूर ही नहीं की है, फिर निजी अस्पताल इस का लाभ वरिष्ठ नागरिको को देंगे इसमें भी संशय है। सत्यपाल शर्मा ने आगे बताया कि सरकारी अस्पतालों का हाल किसी से छिपा नहीं है और निजी अस्पताल वाले पैनल वाले कर्मचारियों का तो इलाज करते नहीं। उन्हें तरह-तरह के बहाने बनाकर वापिस भेज दिया जाता है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिको की संस्थाओं को गत 5 वर्ष से अनुदान राशि दी नहीं गई। सच तो यह है कि दिल्ली सरकार के दांत खाने के लिए और दिखाने के लिए और है। जनता को चाहिए कि सोच समझकर सरकार चुने।

# भाजपा की नीतियों व कार्यों से प्रभावित है जनता: विशाल कपाही



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता विशाल कपाही ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के विकास के लिए कार्य करती है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। जिससे जहां शहरों के लोग खुश है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले भी लोगों को कई सुविधाएं मिल रही है। जिससे वह काफी खुश होकर एक खुशी भरा जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने नई-नई योजनाओं को लागू किया है जिसका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने देश में भी काफी सुधार किया है शिक्षा व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है आज देश की जनता तो पीएम मोदी की तारीफ कर ही रही है। साथ ही विदेश के लोग भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर रहे हैं।

# जहांगीरपुरी में गंदा पानी आने से लोग हो रहे है परेशान: जितेन्द्र ढीका



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा नेता** जितेन्द्र ढीका ने कहा कि जहांगीरपुरी में पिछले कई दिनों से दिल्ली जल बोर्ड का पानी नहीं आ रहा है और अगर आ रहा है तो वह गंदा आ रहा है, जिस कारण से यहां के लोगों को बाजार से पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है, या फिर हैडंपम्प का पानी प्रयोग में लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और जल बोर्ड को गंदे पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए, जिससे की जहांगीरपुरी वासियों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से जहांगीरपुरी में गंदा पानी आने से लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है।

उन्होंने कहा कि पिछले कई सालो से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है, लेकिन विकास नहीं हुआ है। आज भी स्वास्थ्य की सेवाएं के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में विकास केवल कागजों में ही हुआ होगा, क्योंकि धरातल पर विकास नजर नहीं आ रहा है।

# ठेकेदारी प्रथा को सरकार खत्म करें: विपिन पिव्हाल



**नई दिल्ली: महर्षि वाल्मीकि** प्रकट दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए और ठेकेदारी प्रथा को पूरे देश से खत्म किया जाए। ठेकेदारी प्रथा के चलते मजदूरों व कामगारों को परेशान होना पड़ता है। देखा गया है कि ठेकेदारों द्वारा कर्मचारियों को उचित पैसा भी नहीं दिया जाता है। उक्त मांग भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विपिन पिव्हाल ने केंद्र सरकार से की। उन्होंने कहा कि हमारे समाज का इस देश में एक बड़ा तपका है, इसलिए हर राज्य से एक राज्यसभा सांसद होना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि हम समाज से जुड़ी हुई कई मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिख चुके हैं। डॉ विपिन पिव्हाल ने कहा कि सभी को आदि धर्म का प्रचार करना है और हमें शिक्षा के महत्व को पहचाना है। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि हमे अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलानी है।

# विधायक व निगम पार्षद ने नरेला में विकास कार्यों का किया उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला इलाके में विधायक फंड से कई विकास कार्यों का उद्घाटन और दिशा निर्देश बोर्ड आदि के सौंदर्यीकरण कार्य किए गए। नरेला के पंजाबी कॉलोनी में स्थानीय निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री और विधायक शरद चौहान के मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक शरद चौहान और स्थानीय निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री ने नारियल तोड़कर कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान नव चेतना संगठन के प्रधान नौतन दास अरोड़ा ने इन विकास कार्यों को करवाने के लिए विधायक शरद चौहान और पार्षद श्वेता कमल खत्री का धन्यवाद किया और कहा की पार्षद और विधायक हमेशा समस्या कोई भी हो समस्याओं का समाधान करने के लिए 24 घंटे मदद के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने बताया कि पंजाबी कॉलोनी में स्वास्थ्य/खेलकूद के लिए झूले, जिम उपकरण, सड़के, बिजली के कार्य और दिशा-निर्देश बोर्ड आदि के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन किया। इस दौरान पार्षद श्वेता कमल खत्री ने बताया कि पंजाबी कॉलोनी के शनि मन्दिर से पहले जी ब्लॉक की पहली गली और सामने वाली गली और मकान न. 93 से 110 तक सड़के, ठाकुर दत्त हँस, महिला और नव चेतना पार्को मे झूले और जिम के उपकरणों को लगाने, दो हाईमास्ट और पूरी कॉलोनी मे 50 स्टील के दिशा निर्देश बोर्ड लगाने के कार्य शुरू करने के लिए नारियल और लड्डू से पूजा करके उद्घाटन किया और नरेला में और कई विकास कार्य शुरू करने भी बाकी है उन्हें भी जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा। नरेला वार्ड नंबर-1 में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। नरेला वार्ड को पूरी दिल्ली में नंबर-1 वार्ड बनाना मेरी प्राथमिकता है। इस मौके पर प्रधान नौतन दास अरोड़ा, सचिव रमेश खुराना, उपाध्याक्ष पवन अरोड़ा, अशोक कुमार, धर्म पाल वर्मा, स्वर्णा, वेद प्रकाश अरोड़ा, नगर निगम के पदाधिकारी व कई अन्य मुख्य समाजसेवी मौजूद रहे।

# किराड़ी विधानसभा क्षेत्र: पिछड़े व गरीबों के मसीहा है पूर्व पार्षद रामदयाल महतो



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: किराड़ी विधानसभा** क्षेत्र में पिछड़े व गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते है पूर्व निगम पार्षद रामदयाल महतो। आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के पूर्वांचल नेता रामदयाल महतो भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारी के लिए अपनी दावेदारी ठोके या न ठोके परंतु किराड़ी के जमीनी कार्यकर्ता व संगठन के वरिष्ठ नेताओं की पहली पसंद है रामदयाल महतो। क्षेत्र की कई पूर्वांचल-मिथलांचल और कई सामाजिक संस्थाओं ने भाजपा आलाकमान से मांग की है कि पूर्वांचल बहुलाय क्षेत्र किराड़ी से पूर्व निगम पार्षद को रामदयाल महतों को यहां पर विधानसभा का उमीदवार बनाया जाये। ज्ञात हो कि किराड़ी विधानसभा में करीब 90 प्रतिशत पूर्वांचली रहते है और यहां के वर्तमान विधायक आम आदमी पार्टी से ऋतुराज झा है जोकि पूर्वांचली है। इसलिए भाजपा कार्यकर्त्ता और सामाजिक संस्थाओ ने रामदयाल महतो को सबसे योग्य नेता और उम्मीदवार मानते हुए पार्टी से मांग की है की रामदयाल महतो को किराड़ी विधानसभा से भाजपा का उम्मीदवार बनाया जाये। रामदयाल महतो को प्रत्याशी बनाये जाने से पार्टी में जान आएगी और भाजपा का उम्मीदवार भी विजय होगा।

# केजरीवाल की महिला सम्मान निधि योजना पूरी तरह है बौगस: राठौर





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव 2025 को लेकर भाजपा पूरी तरह से तैयार है, लगभग पच्चीस साल बाद दिल्ली की सत्ता पाने के लिए कोई भी वीक प्वाइंट नहीं छोड़ना चाहती है। जिसको लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं सहित कार्यकर्ता भी कमर कसें हुए है। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर लगातार जनता के बीच बने हुए है और निरंतर जनता के बीच मौजूद रहकर उनके कामों को भी स्वयं ही करवा रहे है। इसी कड़ी में राठौर ने अपने कार्यालय में क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक का आयोजन किया। इस दौरान राठौर ने लोगों के पहचान पत्र, आधार कार्ड के फार्म भी भरवाए गए। इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने क्षेत्रीय महिलाओं को केजरीवाल द्वारा चलाई जा रही महिला सम्मान निधि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि केजरीवाल द्वारा चलाई जा रही 2100 रूपए के जो फार्म भरे जा रहे है वह कोई सरकारी योजना नहीं है। क्योंकि सरकार की ओर से ऐसी कोई नोटिफिकेशन ही जारी नहीं की गई है कि दिल्ली की महिलाओं को सरकार की ओर से 2100 रूपऐ दिए जांएगे। राठौर ने कहा केजरीवाल की वह योजना बस दिल्ली की महिलाओं को बेवकूफ बनाने का चुनावी स्टंट है। इस दौरान राठौर ने कहा कि दिल्ली के लोगों को केजरीवाल ने पूरे ग्यारह वर्षों तक बेवकूफ बनाकर रखा है, लेकिन दिल्ली की जनता अब केजरीवाल की बातों में नहीं आने वाली है। दिल्ली के लोग अब जागरूक हो गए है, इस बार दिल्ली की जनता केजरीवाल की आप सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर दिल्ली में भी कमल खिलाने के लिए पूरी तैयारी करके बैठी हुई है।



# मुफ्त आवासीय शिक्षा से श्रमिक पाल्यों का जीवन संवार रही योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर: प्रदेश में** श्रमिकों के पाल्यों तथा कोरोना से बेसहारा हुए बच्चों को उत्कृष्ट आवासीय व्यवस्था के तहत पूणर्तः निशुल्क व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अटल आवासीय विद्यालय के रूप में योगी सरकार द्वारा की गई पहल रंग ला रही है। श्रमिकों के पाल्यों और कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों का जीवन संवारने वाले इस मुफ्त आवासीय विद्यालय में गोरखपुर मडंल के 280 बच्चों को आगामी शैक्षिक सत्र (2025-26) में प्रवेश मिलेगा। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 27 दिसंबर से मिलने शुरू हो गए हैं। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया है। व्यवस्थाओं के लिहाज से



ये विद्यालय निशुल्क सरकारी बोर्डिंग स्कूल सरीखे दिखते हैं। गोरखपुर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय सहजनवा में बना है। शैक्षिक सत्र 2023-24 से यहां बच्चे पढ़ रहे हैं। दो सत्रों में कुल मिलाकर यहां मंडल के 359 बच्चे अध्ययनरत हैं। तीसरे सत्र में कक्षा 6 में 140 बच्चों (70 बालक और 70 बालिका) तथा कक्षा 9 में भी 140 बच्चों (70 बालक और 70 बालिका) को मंडल स्तरीय प्रवेश परीक्षा के जरिये दाखिला मिलेगा।

इसके साथ ही कुल एक हजार विद्यार्थियों की क्षमता के दृष्टिकोण से बने इस मुफ्त आवासीय विद्यालय में तीन सत्रों में मिलाकर यहां कुल विद्यार्थियों की संख्या छह सौ से अधिक हो जाएगी। गोरखपुर के उप श्रम आयुक्त शक्ति सेन मौर्या के अनुसार अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित होता है। इसमें प्रवेश के लिए उत्तर प्रदेश भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे तथा कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चे पात्र होते हैं।

अटल आवासीय विद्यालय में रहने, खाने, पढ़ने तथा पाठ्येतर गतिविधियों की उत्कृष्ट व्यवस्था पूरी तरह मुफ्त होती है। ये व्यवस्थाएं इस स्तर की हैं कि चार गुनी कमाई करने पर भी श्रमिक अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए ये इंतजाम नहीं कर पाते। अटल आवासीय विद्यालय सहजनवा के प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह बताते हैं कि हॉस्टल से लेकर स्कूल तक यहां बच्चों को एक मित्रवत माहौल दिया गया है। उनकी हर सुविधा व जरूरत का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। बच्चे सुबह से लेकर शाम तक तय हर गतिविधि में खूब उत्साह से भाग ले रहे हैं। विद्यालय में बच्चों को निशुल्क छात्रावास, खान-पान, स्कूल गणवेश, पाठ्य पुस्तकें, खेलकूद, चिकिसा, सुरक्षा आदि के साथ गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां बालक एवं बालिकाओं हेतु अलग-अलग छात्रावास हैं। गोरखपुर मंडल के अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज जनपद के अभ्यर्थियों के लिए ऑफलाइन प्रवेश आवेदन पत्र 27 दिसंबर से मिलने शुरू हो गए हैं।

# आकाशवाणी मथुरा के एनाउंसर, कंपेयर ने जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** आकाशवाणी बचाओ ब्रज लोक संस्कृति बचाओ अभियान में दूसरे दिन ब्रज के लोक कलाकारों ने शनिवार को राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, विधायक मेघश्याम सिंह गोवर्धन, विधायक पूरन प्रकाश बलदेव, विधायक राजेश चौधरी मांट को ज्ञापन सौंपा। सभी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर मुहिम का समर्थन किया।

विदित हो कि प्रसार भारती के अफसरों ने कयी आकाशवाणी कन्द्रों को रिले सेंटर बनाने की दिशा में प्लान तैयार कर लिया है। यथाशीघ्र यह योजना मूर्त रूप ले लेगी। उन्हें ज्ञात नहीं कि उक्त केन्द्र आगरा अलीगढ़ से पूर्व 1967 में मथुरा में ब्रज संस्कृति के संरक्षण के लिए



स्थापित किया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इस दिशा में काम करने हुए ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया है। इसके परिणाम स्वरूप ही ब्रज के आयोजनों पर सरकार मुक्त हस्त होकर खर्च कर रही है। इसके विपरीत प्रसार भारती के अफसर आकाशवाणी के मथुरा वृन्दावन केन्द्र को रिले सेंटर बना रहे हैं। इससे ब्रज संस्कृति के कार्यक्रमों का समय अधाकांशतया खत्म हो जाएगा। ब्रज के कार्यक्रमों का समय कम होने से कला और कलाकारों के अवसर भी कम होंगे। इतना ही नहीं तीन तीन दर्शकों से दिहाड़ी मजदूर की तरह कार्यक्रम निर्माण करने वाले, एनाउंसर कंपेयर के हित भी प्रभावित होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### चालक को पीट-पीटकर अधमरा करने वाले तीन दबंग युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद:** जनपद में शुक्रवार की देर रात आरडीसी में एक रेस्टोरेंट के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर तीन युवकों ने एक कर ड्राइवर के साथ जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस तीनों को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही। एसीपी (कविनगर) अभिषेक श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात आरडीसी में कृष्णम रेस्टोरेंट के बाहर कार खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद कि तीन युवकों ने कार चालक को बुरी तरह से पीटा। पिटने का यह वीडियो भी सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा रहा है। हमलावरों के साथ मौके पर मौजूद एक महिला की आवाज भी वीडियो में कैद हुई है, जो हमलावरों से चालक को छोड़ देने की गुहार लगा रही है, लेकिन हमलावर कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी और रात में ही तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया। अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कार चालक पर लाठी डंडों और लात-घूंसों से हमला करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवकों में आयुष त्यागी निवासी रामबाग कॉलोनी,गोविंदपुरम, हर्ष शर्मा उर्फ नितीश शर्मा निवासी आई ब्लॉक गोविंदपुरम तथा अभिषेक रस्तोगी निवासी घोंडा कॉलोनी, दिल्ली हैं। तीनों को आरडीसी से गिरफ्तार किया गया है।

### उन्नाव में बेकाबू डंपर की टक्कर से मां-बेटे की मौत

**उन्नाव: दही** थाना क्षेत्रान्तर्गत शनिवार की सुबह बेकाबू डंपर ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटर साइकिल सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। शहर के थाना दही क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी स्थित विशाल मोटर्स के सामने एक डंपर ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार असीवन थाना क्षेत्र के कनिगांव निवासी मोनू सैनी (29) उसकी मां रानी सैनी (50) गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद चालक डंपर लेकर मौके से भाग रहा था, तभी लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिवार की तहरीर पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### मनमोहन सिंह का स्मारक उनके परिवार की इच्छा के अनुरूप बने: मायावती

**लखनऊ**

**बहुजन** समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार की इच्छा के अनुरूप ही उनका स्मारक बनाया जाना चाहिए। मायावती ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के परिवार की दिली इच्छा के अनुरूप ही उनका स्मारक बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस मामले में उनके परिवार एवं सिख समाज की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री सिंह के सम्मान में एक स्मारक के लिए स्थान आवंटित करने का निर्णय लिया। केंद्र ने इस निर्णय से डॉ. सिंह के परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अवगत भी करा दिया है।मनचला मांग रहा था बेटी का

### नंबर उलाहना देने पर की मारपीट ,महोबा में पिता पुत्र की दबंगई आई सामने

**महोबा: मनचले** के द्वारा बेटी से नंबर मांगने का उलाहना देना एक पिता को भारी पड़ गया । उलाहना से नाराज दबंग बाप बेटे ने पीड़ित के साथ गाली गलौच करते हुए जमकर मारपीट कर दी। तो वहीं शिकायत करने जाने पर रास्ता रोककर दोबारा मारपीट करने का आरोप पीड़ित ने लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित पिता पुत्र के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। जनपद में दबंग बाप बेटे की दबंगई का मामला सामने आया है। दरअसल पूरा मामला अजनर थाना क्षेत्र का है। जहां थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे बताया कि उसकी बेटी हैंडपंप पर पानी भरने गई थी जहां गांव का एक मनचला युवक आ पहुंचा और बेटी से मोबाइल नंबर मांगने लगा। पीड़ित के अनुसार बेटी ने मोबाइल नंबर देने से मन कर दिया और घर आकर उसे सारी बात बताई तो वह मनचले के घर उलाहना देने गया जिस पर उसका पिता भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दबंग पिता पुत्र ने मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की।

# प्राचीन तीर्थनगरी संभल जल्द ही अपने पुराने स्वरूप में दिखाई देगा

**मुरादाबाद: शिवसेना** शिंदे गुट मुरादाबाद के जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब प्राचीन तीर्थनगरी संभल अपने पुराने स्वरूप में हम सभी को दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल की प्रसिद्ध तीर्थनगरी संभल में दशकों से बंद पड़े पुराने सिद्धपीठ मंदिरों को खुलवाने एवं प्राचीन कुंओं और बावड़ियों का रहस्य जानने के लिए सर्वे व खुदाई का कार्य कराना सराहनीय है। वर्तमान पीढ़ी के सामने इसका रहस्य सामने आना आवश्यक है। इसके लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है।

# सहकारी बैंक के बकायेदारों से सख्ती से होगी वसूली: निरंजन धनगर

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। कृषि** विज्ञान केन्द्र मथुरा के सभागार में संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक सहकारिता आगरा मण्डल आगरा की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर उपस्थित रहे। विवेक कौशल सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, सुमित कुमार शर्मा सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक के समस्त अनुभाग अधिकारी, सतवीर सिंह क्षेत्र प्रबन्धक इफको मथुरा और समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (सह), समस्त शाखा प्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक



लिमिटेड, समस्त शाखा प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक लिमिटेड मथुरा, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ, की उपस्थिति में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में बकाये से वसूली पर विशेष जोर दिया गया। संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक सहकारिता आगरा मण्डल आगरा द्वारा बकाये की राशि का शत प्रतिशत आरसी कराये जाने पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम के अन्तर्गत कुर्की, नीलामी सम्बन्धी विधिक कार्यवाही कराकर बकाया से शत प्रतिशत वसूली किये जाने पर बल दिया गया। जनपद की सहकारी समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता बनाये रखने पर भी संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक द्वारा इफको के प्रबन्धक सतवीर सिंह को निर्देशित किया गया कि जनपद में सिंचाई के दृष्टिगत यूरिया की कमी न रहने पाये इसके लिये शीर्ष स्तर से वार्ता कर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करें। शाखा प्रबन्धकों को निर्देश दिये गये कि जमा निक्षेप एवं ऋण वितरण के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें, साथ ही सहकारिता विभाग के अधिकारियों को वसूली सम्बन्धी उक्त कार्य में सहयोग प्रदान कर विधिक कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद के निम्न 10 बड़े बकायेदारों से एक सप्ताह में वसूली कराये जाने के लिए संबंधित अपर जिला सहकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबाद: सरस्वती** विद्या मन्दिर में शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद, थानाध्यक्ष राजेश पांडेय, मिशन शक्ति की नोडल जया शर्मा, महिला उपनिरीक्षक अनु चौधरी व नीतू द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद द्वारा बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से बताया गया।

थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया।

जया शर्मा ने सभी बालिकाओं को साइबर अपराध एवं उससे बचाव के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कभी भी आवश्यकता पडने पर सम्बन्धित थाना, एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं, बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिला उप निरीक्षक अनु चौधरी द्वारा छात्राओं, महिलाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

### मीरजापुर: चोरी हुए ट्रक बरामद, तीन गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी निलंबित

**मीरजापुर:** जिले के अदलहाट क्षेत्र में पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान बालू, गिट्टी और भस्सी से लदे 37 ट्रकों को जब्त कर हाजीपुर मंडी में खड़ा कराया था। निगरानी की जिम्मेदारी उप निरीक्षक मुनीम गुप्ता और हेड कांस्टेबल सोम्मर यादव को दी गई थी। हालांकि, 26 दिसंबर की रात चोरी-छिपे 17 ट्रक वहां से भाग निकले। अदलहाट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार तीन आरोपियों बाल किशुन यादव, सूरज और सुनील यादव को गिरफ्तार कर सात ट्रकों को बरामद कर लिया। लापरवाही के कारण पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने उप निरीक्षक और हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया है।

# बिजली चोरी पकड़ी गई तो जांच टीम पर ही हमला



**टीम एक्शन इंडिया**

**महोबा: बिजली** चोरी को रोकने लिए निरीक्षण करना और बकाएदारों का कनेक्शन काटना बिजली विभाग की टीम को महंगा पड़ गया। कनेक्शन काटने से नाराज दबंग ने परिवार के साथ मिलकर अवर अभियंता समेत लाइनमैन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। कर्मियों ने किसी तरह बचते बचाते अपनी जान बचाई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एकमुश्त समाधान योजना का उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए विभाग के द्वारा गांव-गांव में मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। श्रीनगर थाना क्षेत्र के अवर अभियंता देवकीनंदन ने बताया कि सिजहरी गांव में शुक्रवार को कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें एसडीओ नवीन सिंह, संविदा कर्मी विश्वनाथ, खूबचंद, अजय, ईश्वर दास, दानवीर, अशोक व मीटर रीडर कौशलेंद्र और रत्नेश मौजूद रहे है।

**जेई सहित तीन घायल:** गांव में चेकिंग के दौरान महिपाल राजपूत के मकान में अवैध बिजली कनेक्शन पाए जाने पर लाइनमैन कनेक्शन काट रहा था। तभी दबंग बौखला गया और उसने कुल्हाड़ी लेकर टीम पर हमला बोल दिया। विभागीय अधिकारी कुछ समझ पाते कि देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होकर बिजली विभाग की टीम पर टूट पड़ी। मारपीट की घटना में अवर अभियंता देवकीनंदन और संविदा लाइनमैन विश्वनाथ और खूबचंद घायल हो गए हैं।

**सरकारी दस्तावेज फाड़े:** मारपीट की घटना में घायल वर अभियंता देवकीनंदन के अनुसार विद्युत चोरी करते पाए जाने पर वह कनेक्शन कटवा रहे थे।

तभी दबंग ने उनकी टीम पर हमला कर दिया और उनका मोबाइल छीन लिया। यहां तक की सरकारी दस्तावेज भी फाड़ डाले हैं। शनिवार को थाना प्रभारी शिवपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित महिपाल राजपूत, फूला उर्फ फूल सिंह और दादू सहित अन्य अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# संयुक्त टीम ने मथुरा में तेल चोरी का खेल पकड़ा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** टैंकर से अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ चोरी करने का राजफाश किया है। आपूर्ति विभाग, पुलिस, बाट माप विभाग की ने संयुक्त कार्यवाही में तीन टैंकर चोर चोरी करने के उपकरण बरामद किये हैं। जिला पूर्ति निरीक्षक एवं थाना रिफाइनरी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही में 500 लीटर अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ के साथ एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। रिफाइनरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिग बाजार से 100 मीटर पहले दिल्ली आगरा रोड के पास चैकिंग के दौरान अभियुक्त योगेश ठाकुर पुत्र पप्पू ठाकुर निवासी हरनौल थाना सुरीर को तीन टैंकर टैंकर संख्या




एचआर 38 एसी 9817 (500 लीटर अपमिश्रित पैट्रोलियम पदार्थ सहित) व टैंकर संख्या एचआर 38 एसी 9829 व टैंकर संख्या यूपी 85 ईटी 2670 एवं टैंकर से तेल निकालने के लिए एक मोटर पम्प, एक कीप एवं दो प्लास्टिक पाईप, विद्युत तार व प्लग, पौना आदि बरामद किये हैं।

इस सम्बन्ध मे थाना रिफाइनरी पर धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया है। कार्यवाही करने वाली टीम में फूल सिंह यादव क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सदर, अनमोल गर्ग नायब तहसीलदार, रविकान्त पूर्ति निरीक्षक फरह, अंजली पूर्ति निरीक्षक विकास खण्ड मथुरा, अखण्ड प्रताप सिंह निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना रिफाइनरी, एसआई अखिलेश कुमार थाना रिफाइनरी आदि थे।

# मथुरा से पहले कोसीकला को मिलेगा प्रेस क्लब

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: पत्रकारिता** से जुड़े लोगों द्वारा प्रेस क्लब की लम्बे समय से मांग की जा रही है। इसके लिए गाहे बगाहे सम्मेलन और कार्यक्रमों में प्रेस क्लब की मांग उठती रही है। मथुरा वृंदावन में प्रेस क्लब के लिए जमीन उपलब्ध कराये जाने को लेकर कई बार सहमति भी बनी लेकिन ये बस बातें सिर्फ बात बनाने तक सीमित रहीं। अब मथुरा वृंदावन से पहले कोसीकला को प्रेस क्बल मिलने जा रहा है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के द्वारा दो वर्ष पूर्व हुए पत्रकार सम्मान समारोह में आये कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं वर्तमान पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल से



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश मथुरा के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने छाता इकाई की मांग पर एक प्रेस क्लब दिए जाने की मांग की।

जिस पर कैबिनेट मंत्री ने पालिकाध्यक्ष को उचित स्थान पर पर्याप्त जमीन देकर प्रेस क्लब बनाये जाने की घोषणा की। जिसको पालिका अध्यक्ष होने के साथ साथ पत्रकार होने की भी जिम्मेदारी निभाते हुए इस मांग को गंभीरता से लेकर प्रस्ताव को बोर्ड के समस्त रखा जिस पर समस्त बोर्ड ने एक मत होकर प्रेस क्लब बनाये जाने का प्रस्ताव पास किया। अब यह उपलब्धि वर्तमान कार्यकारिणी को मिलेगी।

# फिरौती के लिए अपहरण का आरोपी फुरकान पुलिस मुठभेड़ में घायल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** अपहरण और फिरौती की घटना में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी फुरकान को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। फुरकान के दो साथियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभियुक्त फुरकान पुत्र बुरहान निवासी ग्राम अकेड़ा थाना नुहू सदर जिला नूहू हरियाणा ने अपने साथियों के साथ मिलकर 15 फरवरी को फिरोती के लए अपहरण कर लिया था। जिसमें पुलिस ने फुरकान के दो साथियों जुनैद उर्फ वकील पुत्र इस्माइल तथा काला उर्फ.खुर्शीद पुत्र मकमुल को गिरफ्तार कर अपहत को सकुशल बरामद कर लिया गया था तथा घटना में प्रयुक्त कार को भी बरामद कर लिया गया था। इस घटना के संबंध में अपहत की पत्नी ने थाना कोतवाली शहर मथुरा पर धारा 364 ए आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था। इसी मामले में फुरकान वांछित चल रहा था और पुलिस की उसको तलाश थी। फुरकान के उपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। स्वाट टीम व थाना कोतवाली मथुरा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही की और माल गोदाम रोड कच्ची सड़क मथुरा चौकी क्षेत्र बाघ बहादुर पर हुई मुठभेड के बाद घायल अवस्था में 25 हजार के इनामी फुरकान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# संधिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग ने लाइसेंसी असलहे से गोली मारकर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर: शिवराजपुर** थाना क्षेत्र के बिलहन गांव में रहने वाले एक बुजुर्ग ने शनिवार को संधिग्ध परिस्थितियों में अपने लाइसेंसी असलहे से खुद को गोली मार कर खुदखुशी कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। बिलहन गांव में रहने वाले 75 वर्षीय बुजुर्ग महेंद्र कुमार अवस्थी किसान होने के साथ-साथ सरकारी गल्ले राशन की दुकान भी चलाते थे। उनके दो बेटों में पहला बेटा एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है, जबकि दूसरे बेटे की आभूषणों की दुकान है। शनिवार की सुबह बुजुर्ग ने घर में मौजूद अपने लाइसेंसी असलहे से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुन घर में मौजूद बाकी परिजन बुजुर्ग के कमरे की तरफ भागे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को भी सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेटों ने बताया कि, उनके साथ रहने वाले चाचा काफी समय से कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे थे। एक प्राइवेट अस्पताल से उनका इलाज भी चल रहा था। इस बीच उनके एकलौते बेटे का निधन भी हो गया था। अपने छोटे भाई के बिखरते हुए परिवार को देखकर वह काफी परेशान रहते थे।

उधर इस पूरे मामले को लेकर एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि, बुजुर्ग द्वारा की गयी आत्महत्या के मामले में मौके से मिले एक सुसाइड नोट और तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।




## टीबी उन्मूलन अभियान को आगे बढ़ाएं: मुख्यमंत्री योगी

### टीबी मुक्त भारत के संबंध में शासन स्तर के अधिकारियों संग हुई बैठक



**लखनऊः मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने शुक्रवार को टीबी मुक्त भारत के संबंध में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाधिकारियों एवं जिलों के अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस दौरान उनके समक्ष राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के संबंध के एक प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कोविड-19 प्रबंधन पूरे देश में मॉडल बनकर उभरा था, जिसकी सराहना पूरे विश्व में हुई थी। उसी प्रबंधन को आधार बनाकर टीबी नियंत्रण अभियान को आगे बढ़ाएं। इसके लिए आशा, आंगनवाड़ी और एएनएम कार्यकत्री घर-घर जाकर टीबी स्क्रीनिंग की कार्रवाई को आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश के समक्ष वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है। इसके तहत देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य होने कारण उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पायलेट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के 15 जनपदों में चलाए गए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के परिणाम संतोषजनक है। इसको देखते हुए

**दिशा-निर्देश**

**▸▸ आशा, आंगनवाड़ी और एएनएम कार्यकत्री घर-घर जाकर टीबी स्क्रीनिंग की कार्रवाई को आगे बढ़ाएं**

इस विशेष अभियान को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में चलाएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से क्षय उन्मूलन अभियान को आंदोलन बनाना है। अतः जनभागीदारी बढ़ाने हेतु प्रभावशाली व्यक्तियों, भूतपूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, भूतपूर्व कुलपति इत्यादि धार्मिक नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, उद्योगों, गैर सरकारी संगठनों, टीबी विजेताओं (टीबी से सफलतापूर्वक ठीक हुए रोगी), निःक्षय मित्रों तथा निजी स्वास्थ्य क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के स्तर पर एक पत्र भेजकर सभी मंत्रीगढ़ों, सांसदों, विधायकों सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों को टीबी उन्मूलन अभियान में सक्रिय भागीदारी अपील की जाए ताकि टीबी जैसी गंभीर बीमारी का समून उन्मूलन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव स्तर पर इस अभियान की साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक समीक्षा की जाए। उन्होंने इस अभियान के दृष्टिगत जनपद स्तर पर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की एक त्रिस्तरीय कमेटी के गठन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यह कमेटी इस अभियान की नियमित समीक्षा करे।

## संभल-बुलन्दशहर में भी बनेंगे इंटीग्रेटेड कलेक्ट्रेट कॉम्प्लेक्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जिला और मंडल मुख्यालयों पर जनता से सीधे जुड़े कार्यालयों के लिए इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर बल दिया है। शुक्रवार को शुक्रवार को राजस्व विभाग अंतर्गत जारी निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि गोरखपुर और वाराणसी में प्रशासनिक कार्यालयों के लिए इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है, ऐसे ही सभी जिलों में किया जाना चाहिए। इससे एक ही परिसर में सभी प्रमुख अधिकारी उपलब्ध होंगे और आम आदमी को भाग-दौड़ नहीं करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि बुलन्दशहर और संभल में



प्रस्तावित कलेक्ट्रेट कार्यालयों को इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स के रूप में ही विकसित किया जाए। निर्माणाधीन परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कार्य की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि निर्माण से जुड़ी पीडब्ल्यूडी तथा कार्यदायी संस्थाओं में विशेषज्ञ इंजीनियरों का अभाव है। उचित होगा कि सेवानिवृत्त अनुभवी अथवा प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के दक्ष प्रोफेशनल की सेवाएं ली जाएं। विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं को अपने कामकाज को 'प्रोफेशनल' बनाने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को शासन स्तर से हर संभव सहायता

**आदेश**

**▸▸ प्रशासनिक कार्यालयों के लिए इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर है मुख्यमंत्री का जोर**

उपलब्ध कराई जाएगी। बजट हो या मैनपॉवर, कहीं कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यदायी संस्थाएं अपने कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करें, जबकि सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा निर्माण कार्यों की पाक्षिक समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 50 करोड़ से अधिक की सभी निर्माण परियोजनाओं का किसी बाहरी टेक्निकल इंस्टिट्यूट द्वारा थर्ड पार्टी मासिक ऑडिट कराया जाए। जबकि इससे कम लागत वाली परियोजनाओं की ऑडिट स्थानीय तकनीकी संस्थाओं द्वारा कराया जाए, यह वहां के विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि कार्य प्रारंभ होने से पूर्व परियोजना की जो डिजाइन तय हुई है, उसमें किसी प्रकार का बदलाव कार्य प्रारंभ होने के बाद नहीं होना चाहिए। अपरिहार्य परिस्थितियों में शासन से अनुमोदन लिया जाना अनिवार्य हो। उन्होंने कहा कि निर्माण परियोजनाओं में देरी न केवल लागत में वृद्धि का कारण बनती है।

## हल्की बारिश से किसानों के चेहरों पर आई मुस्कान

**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** शनिवार को मौदहा क्षेत्र में हुई हल्की बारिश से जहां फसलों को फायदा होता दिख रहा है तो वहीं हल्की बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं और किसानों का इंतजार भी खत्म हो गया है। क्षेत्र में हुई हल्की बारिश से फिलहाल इस फसल की सभी जिन्सों को बेहद फायदा होता दिख रहा है जिससे किसानों के चेहरों पर मुस्कान आ गई है। बताते चलें कि इस साल सर्दियों में महाउट के रूप में होने वाली यह पहली बारिश है। हालांकि यही बारिश कुछ समय के लिए और होना चाहिए था।




## महाकुम्भ में पहली बार यूपी टूरिज्म करेगा ड्रोन शो



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः** प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 का आयोजन होने जा रहा है। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन के कारण महाकुम्भ को लेकर तैयारियां भी विश्वस्तरीय हो रही हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की दिव्य और भव्य महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करते हुए प्रयागराज में मंदिरों, गंगा जी के घाट, पार्क से लेकर सड़कों, फ्लाई ओवरों का निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को कई नये और अनोखे अनुभव भी प्राप्त होंगे। इसी क्रम में यूपी टूरिज्म विभाग महाकुम्भ में पहली बार ड्रोन शो करवाने जा रहा है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में संगम नोज पर ये अद्भुत नजारा श्रद्धालुओं को शाम के समय आकाश में

**ड्रोन शो**

**▸▸ ड्रोन शो में होगा महाकुम्भ और प्रयाग की पौराणिक कथा का प्रदर्शन, संगम नोज के आकाश में प्रदर्शन**

देखने को मिलेगा।

**ड्रोन शो में होगा महाकुम्भ और प्रयाग की पौराणिक कथा का प्रदर्शन**

महाकुम्भ का आयोजन प्रत्येक बारह वर्ष पर होता है। महाकुम्भ 2025, 13 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुम्भ को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। सीएम योगी की प्रेरणा से यूपी टूरिज्म विभाग महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नये अनुभव देने का प्रयास कर रहा है।




